आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 6, अंक 218, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे। • एजेंसी

## पुरी में रथ यात्रा के दौरान 600 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी

पुरी, एजेंसी

- कई लोग अस्पताल में भर्ती, कुछ को मामूली चोटें, उल्टी और बेहोशी की शिकायत
- पुरी के जिला अस्पताल में 70 लोगों का चल रहा इलाज, जिनमें 9 की हालत गंभीर

ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को आयोजित विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और भीड़भाड़ के कारण 625 लोग बीमार पड़ गए और कई लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। पुरी के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) डॉ. किशोर सतपथी ने बताया कि कई लोगों ने मामूली चोटें, उल्टी और बेहोशी की शिकायत की है और इसका मुख्य कारण भीड़भाड़ की स्थिति थी।

उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों को ओपीडी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोई हताहत नहीं हुआ। ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि श्रद्धालुओं के बीमार होने का मुख्य कारण अत्यधिक गर्मी और उमस है। एक अधिकारी ने बताया कि पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में 70 लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें से नौ की हालत गंभीर बताई गई है। सूत्रों ने दावा किया कि बालागंडी क्षेत्र के पास कई लोग घायल हो गए, जहां भगवान बलभद्र का रथ एक घंटे से अधिक समय तक फंसा रहा। एक अधिकारी ने कहा कि लंबे समय तक रथ के रुके रहने से वहां भीड़ जमा हो गई, जिससे कई लोग फंस गए।

## देशभर के डाकघरों में अगस्त से शुरू होगा डिजिटल भुगतान

**नई दिल्ली।** देश में डाकघर अगस्त से काउंटरों पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करना शुरू कर देंगे। आईटी व्यवस्था में एक नए एप्लिकेशन के क्रियान्वयन के बाद यह कदम उठाया जाएगा। फिलहाल डाकघर डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके खाते यूपीआई (यूनिक पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली से जुड़े नहीं हैं।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि डाक विभाग अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे को लागू कर रहा है, जिसमें नए एप्लिकेशन होंगे जो क्यूआर कोड के साथ लेनदेन करने में सक्षम होंगे। अगस्त, 2025 तक सभी डाकघरों में क्रियान्वयन पूरा हो जाएगा। आईटी 2.0 के तहत नई प्रणाली का परीक्षण के तौर पर उपयोग कर्नाटक सर्कल में शुरू किया गया है। मैसूर मुख्यालय (एचओ), बागलकोट मुख्यालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में मेल उत्पादों की क्यूआर-आधारित बुकिंग सफलतापूर्वक की गई।

## अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

# युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी


## विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

# भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा हूं : ट्रंप

## व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

### अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

# सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को 5 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.29 करोड़ ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ठगों ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर आईवीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक को बनाया शिकार

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित आईवीआरआई कैंपस में रहने वाले सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को फोन पर खुद को सीबीआई अधिकारी बता कर ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगों ने कई बार में 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस बीच वह 5 दिन तक ठगों के इशारे पर नाचते रहे। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी कई साल से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तैनात थे। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद भी आईवीआरआई कैंपस में ही आवंटित मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। आरोप है कि शुकदेव नंदी को 17 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने स्क्रीन पर पुलिस का लोगो भी लगा रखा था। फोन करने वाले ने खुद को बेंगलुरु सिटी में तैनात सीबीआई अफसर बताया।

आरोप है कि ठग ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके फर्जी सिम कार्ड लिए गए हैं। जिनका इस्तेमाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जॉब फ्रॉड में किया गया है। इसी क्रम में ठग ने उन्हें 16 से 20 जून तक डिजिटल अरेस्ट रखा और 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

> सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठग ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ठगी की रकम वापस कराने के लिए टीम जुटी हुई है। **-दिनेश कुमार शर्मा,** इंस्पेक्टर साइबर क्राइम।

## प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दरों में राहत संभव

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी।

# लिव-इन अवधारणा महिला हितों के खिलाफ

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**हाईकोर्ट की टिप्पणी**

- लिव-इन रिलेशनशिप को वैध घोषित किए जाने से कोर्ट ऐसे मामलों से तंग

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले व्यक्ति को अपनी महिला मित्र का शोषण करने के आरोप से दोष मुक्त करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिव-इन रिलेशनशिप को वैध घोषित किए जाने के बाद से कोर्ट ऐसे मामलों से तंग आ चुका है। क्योंकि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा भारतीय मध्यम वर्गीय समाज में स्थापित कानून के खिलाफ है।

कोर्ट ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि जब ऐसे रिश्तों में खटास आ जाती है तो अंततः ऐसे रिश्तों में पड़े लोग अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ते हैं। ऐसे रिश्तों के खत्म होने का प्रभाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर अधिक पड़ता है। कोर्ट ने



स्पष्ट किया कि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा महिलाओं के हितों के खिलाफ है। क्योंकि एक पुरुष एक या कई महिलाओं के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद भी शादी कर सकता है। लेकिन अलगाव के बाद महिलाओं के लिए जीवनसाथी ढूंढना मुश्किल हो जाता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने बीएनएस, 2023 और पाक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में शाने आलम को जमानत देते हुए की।

याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता से शादी का झूठा वादा करके उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आरोपी के दुष्कृत्य ने पीड़िता का जीवन बर्बाद कर दिया है। अब उसके लिए विवाह हेतु उपयुक्त वर ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इस पर कोर्ट ने निष्कर्ष दिया कि यद्यपि युवा पीढ़ी लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा से बहुत प्रभावित है। इसका प्रतिकूल प्रभाव भी उनके जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

# अधिकतम 4 घंटे में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा ने गाइड लाइन जारी की है।

उप मुख्यमंत्री पाठक ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां सीएमओ दो या अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस कार्य को कराएं। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि अपरिहार्य कारणों को छोड़कर हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराए जाएं।

**वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए :** कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु, रात में होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिजनों से नहीं लिया जाए।

**पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं :** महिला अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शवों की डीएनए सैंपलिंग कराई जाए।

**नई गाइडलाइन जारी**

- संवदेनशील मामलों में डॉक्टर और अधिकारी बरतें सावधानी : पाठक

### ऑनलाइन जारी की जाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन जारी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए।

### आज का मौसम

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।



36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- पार्थ गौतम फाउंडेशन की ओर से बिथरी चैनपुर और फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम इन्वर्टिस विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे।
- सेंट्रल अप चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज समिति द्वारा बरेली में पशुपालन एवं डेयरी विभाग पर सेमिनार होटल बरेली पैलेस में रात 8 : 30 बजे।
- वैश्य दूत संस्था द्वारा महादानी भामाशाह जयंती पर कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह कैंब्रिज स्कूल सभागार में सुबह 8 : 30 बजे से 11 बजे तक।

# महंगाई की मार से आम आदमी की थाली से गायब हो रही हरी सब्जी

## गर्मी और बारिश के कारण पत्ता गोभी, पालक समेत अन्य सब्जियों की आवक कम, अन्य प्रदेशों से आने के कारण सब्जियों पर भी दिख रहा महंगाई का असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी और बारिश के कारण हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है। इसके चलते हरी सब्जियों के साथ-साथ अन्य सब्जियों के भाव भी बढ़ गए हैं। सब्जियों के मूल्य बढ़ने के कारण कई सब्जियां आम आदमी की थाली से गायब होती जा रही हैं। वहीं, धनिया के भाव भी आसमान छू रहे हैं। कई मौसमी सब्जियां भी बाहर से आ रही हैं, जिसके चलते उनके रेट में भी अंतर आया है।



डेलापीर सब्जी मंडी में बिक्री से पहले नीबू की छंटाई करतीं महिलाएं।

डेलापीर सब्जी मंडी में हर दिन सब्जियों के भाव अलग-अलग रहते हैं। शिमला मिर्च की आवक कम होने के कारण बृहस्पतिवार को इसके दाम आसमान छूने लगे। मंडी में जैसे ही शिमला मिर्च पहुंची वैसे ही व्यापारियों में छीना झपटी मच गई। शिमला मिर्च बृहस्पतिवार को थोक में 60 रुपये किलोग्राम तक बिकी। आवक बढ़ने के साथ ही शुक्रवार को इसकी कीमत में गिरावट आ गई। शुक्रवार को शिमला मिर्च का थोक भाव 40 रुपये प्रति किलोग्राम तक रहा। इसी तरह अन्य सब्जियों के मूल्य में भी उछाल आया। हरी धनिया 150 रुपये प्रति किलो तक बिकी। ऐसे में शौकीन लोगों को चटनी भी खाना दूभर हो रहा है। मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे कटरा चांद खां के रहीस हसन ने बताया कि एक माह पूर्व वह 200-250 रुपये की सब्जी तीन चार दिन के लिए ले जाते थे, लेकिन अब इतनी रकम से दो दिन की सब्जी भी कम पड़ रही है।



सब्जी विक्रेता हरिशंकर ने बताया कि गर्मी और बारिश के कारण हरी सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं। अन्य प्रांतों से बरेली तक पहुंचने में हरी सब्जियां खराब होने लगती हैं। ऐसे में इनको छांटना पड़ता है और किराया भी उसी में जोड़ा जाता है। जिस वजह से हरी सब्जियां मंहगी हुई हैं। **–हरिशंकर**



सब्जी विक्रेता अरहान लईक ने बताया कि शिमला मिर्च के भाव शेयर मार्केट की तरह हो गए हैं। एक दिन भाव आसमान छूने लगता है तो दूसरे दिन कम हो जाता है। शिमला मिर्च सहारनपुर से आती है। यहां तक पहुंचते पहुंचते करीब 10 प्रतिशत दागी हो जाती है, इसलिए उसे छांटना पड़ता है, जिससे वह महंगी बिकती है। **–अरहान लईक**

**अन्य प्रांतों से आ रहा कटहल, प्याज और पत्ता गोभी :** बारिश के चलते कई सब्जियां मंडी में दिखाई नहीं दे रही हैं। भीषण गर्मी के चलते मंडी में मेथी का साग आना तो बिल्कुल बंद हो गया है। वहीं कटहल भी मद्रास से मंगाना पड़ रहा है। फूल गोभी और पत्ता गोभी मध्यप्रदेश से आ रही है। इसके अलावा शिमला मिर्च सहारनपुर से आ रही है।

### सब्जियों के भाव प्रति किलो में

| सब्जी | थोक | फुटकर |
|---|---|---|
| कटहल | 15 रुपये | 30 रुपये |
| आलू (हल्द्वानी) | 20 रुपये | 40 रुपये |
| आलू पुराना | 13 रुपये | 20 रुपये |
| तागोभी | 20 रुपये | 40 रुपये |
| पालक | 20 रुपये | 30 रुपये |
| शिमला मिर्च | 40 रुपये | 60 रुपये |
| फूल गोभी पत्ता सहित | 32 रुपये | 60 रुपये |
| फूल गोभी पत्ता रहित | 70 रुपये | 90 रुपये |
| हरी मिर्च | 40 रुपये | 55 रुपये |
| हरा धनिया | 120 रुपये | 150 रुपये |
| चौड़ाई | 12 रुपये | 20 रुपये |
| टमाटर | 25 रुपये | 40 रुपये |
| बींस | 70 रुपये | 100 रुपये |
| लुभिया | 40 रुपये | 60 रुपये |

# राष्ट्रपति दौरा: 30 जून को शहर में लागू होगा रूट डायवर्जन

## सुबह 4 से शाम 4 बजे तक डायवर्जन रहेगा प्रभावी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। उनके दौरे को लेकर 30 जून को ट्रैफिक पुलिस ने शहर में सुबह 4 से शाम 4 बजे तक रूट डायवर्जन लागू किया है। इस दौरान शहर के कई इलाकों में भारी वाहनों और रोडवेज बसों की आवाजाही पर भी रोक रहेगी।

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि किसी तरह की कोई समस्या न आए इसके लिए डायवर्जन किया गया है। जिन इलाकों में राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा, वहां आम वाहनों की आवाजाही को सीमित किया गया है। बिलवा अंडरपास, विलयधाम अंडरपास, इज्जतनगर तिराहा, 100 फुटा पूर्वी रोड, गांधी उद्यान और महादेव पुल से त्रिशूल एयरफोर्स, डेलापीर और आईवीआरआई की तरफ किसी भी भारी वाहन या रोडवेज बस को जाने की इजाजत नहीं होगी।

इसके साथ ही बड़ा बाईपास से शहर की तरफ आने वाले भारी वाहन बिलवा, विलयधाम और नवदिया झादा होते हुए इन्वर्टिस तिराहा से ट्रांसपोर्ट नगर तक जा सकेंगे। रोडवेज बसें सेटेलाइट बस स्टैंड तक जाएंगी और यहीं से वापस लौटेंगी। दिल्ली और रामपुर की तरफ से आने वाली बसें किला पुल, चौपुला चौराहा और पुराने बस अड्डे तक पहुंचेंगी।



त्रिशूल हवाई अड्डे के सामने पीलीभीत बाईपास पर किया पैचवर्क। ● अमृत विचार

**छोटे वाहनों का सुबह 8 बजे से डायवर्जन :** सुबह 8 बजे से कार, ऑटो और ई-रिक्शा जैसे छोटे वाहनों को बैरियर-दो से डेलापीर, इज्जतनगर तिराहा, नैनीताल रोड या आईवीआरआई की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी। जो वाहन बैरियर-दो से शहर में आना चाहते हैं, उन्हें 100 फुटा, बीसलपुर तिराहा, सुरेश शर्मा नगर और सेटेलाइट होते हुए भेजा जाएगा। इज्जतनगर तिराहे से आईवीआरआई की ओर जाने वाले ऑटो-ई रिक्शा कुदेशिया पुल और अंडरपास से होकर राजेन्द्र नगर के रास्ते आ-जा सकेंगे। गांधी उद्यान से डेलापीर जाने वालों को संजय नगर, सेलेक्शन पॉइंट, डीडीपुरम और राजेन्द्र नगर से होकर भेजा जाएगा। डेलापीर से आईवीआरआई जाने वाले वाहन झूलेलाल द्वार से राजेन्द्र नगर होते हुए कुदेशिया अंडरपास के रास्ते जा सकेंगे।

**चार स्वास्थ्य टीमें गठित की गई :** राष्ट्रपति के दौरे को लेकर चार स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं। दो टीमों का डिप्टी सीएमओ डॉ लईक अंसारी को नोडल बनाया है। दो टीमें जिला अस्पताल के डाक्टरों की गठित की गई हैं।

### राष्ट्रपति भवन के अफसर भी रख रहे नजर

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई में 30 जून को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रपति भवन के अधिकारी भी कार्यक्रम की तैयारियों से संबंधित हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बृहस्पतिवार की रात एयरफोर्स गेट से लेकर पीलीभीत बाईपास रोड पर महानगर कालोनी तक पैचिंग कराई। करीब चार किलोमीटर के दायरे में सड़क के ऊबड़-खाबड़ होने पर कुछ जगहों पर पैचिंग और कुछ जगहों पर नई सड़क भी डाली गई है। दरअसल, राष्ट्रपति एयरफोर्स से कार से आईवीआरआई जाएंगी। कार्यक्रम के अनुसार फिलहाल उनका और कहीं जाने का कार्यक्रम नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन विकल्प के रूप में एयरफोर्स गेट से लेकर सर्किट हाउस तक सड़क दुरुस्त करा रहा है। इसी तरह एयरफोर्स के गेट से लेकर पीलीभीत बाईपास रोड पर महानगर कालोनी तक सड़क दुरुस्त कराई गई है। वहीं, प्रशासनिक अफसरों ने शुक्रवार को आईवीआरआई जाकर तैयारियां का जायजा लिया। मंडलायुक्त से लेकर जिलाधिकारी, एसएसपी समेत अन्य विभागों के अफसर राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सक्रियता बरत रहे हैं। मुख्य सचिव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को सभी तैयारियां जांच परखकर करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से अधिकारी ज्यादा सतर्क हैं।

- **प्रशासनिक अफसरों ने आईवीआरआई पहुंचकर तैयारियों का भी जायजा लिया**

### अतिक्रमण कर बनाई दुकानों को हटाने का विरोध, निगम कर्मियों से नोक-झोंक



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रपति के आगमन को लेकर नगर निगम की टीम शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने के लिए आईवीआरआई रोड पर पहुंची। जहां पर रोड किनारे दुकानों को हटाने को लेकर टीम से अतिक्रमण करने वालों की नोकझोंक हुई। दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए टीम पर कई आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। इसको लेकर नगर निगम ने सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। ताकि जिन रास्तों से राष्ट्रपति का काफिला निकलेगा उन मार्गों पर कोई अवरोध न उत्पन्न हो। इसको लेकर दोपहर में संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव और राजवीर सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ता आईवीआरआई गेट मार्ग पर पहुंचा। इसके बाद फड़ और दुकानों पर जेसीबी चलाकर उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। इस पर कुछ जगहों पर अतिक्रमण हटाए जाने का दुकानदारों ने विरोध करते हुए टीम के साथ नोकझोंक करने लगे और टीम पर पक्षपात करने के आरोप भी लगाए। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि आईवीआरआई गेट से बैरियर टू तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। दो दुकानें तोड़ी गईं और कई फड़ हटाए गए। अतिक्रमण का सामान जब्त किया गया। दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया तो लोग विरोध करने लगे। अतिक्रमण करने वालों पर 60 हजार का जुर्माना लगाया है। हिदायत दी गई है कि अतिक्रमण फिर न करें।

### एमडी की मौजूदगी में भी शहर में रहा बिजली संकट

**बरेली, अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी रिया केजरीवाल शुक्रवार को शहर में मौजूद थीं। वह बिजली आपूर्ति समेत अन्य कामों को लेकर विकास भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थी लेकिन उसके बाद भी शहर के कई इलाकों में कटौती का क्रम जारी रहा।

गुरुवार रात 11 से 3 बजे तक तक प्रभात नगर क्षेत्र में कटौती की गई। कुतुबखाना सब स्टेशन के ख्वाजा कुतुब के पास शुक्रवार को बंच केबल टूट जाने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। बड़ी बमनपुरी में जर्जर तार टूट कर सड़क पर गिर गए। क्षेत्र के लोग अधिकारियों को फोन करते रहे लेकिन किसी का फोन नहीं उठा। सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन के कटरा चांद खां में ट्रांसफार्मर में खराबी होने के चलते शुक्रवार को बिजली गुल रही। इसके अलावा महानगर सब स्टेशन की सरदार जी कॉलोनी में आकांक्षा एन्क्लेव आदि क्षेत्र में शुक्रवार रात कटौती की गई। इज्जतनगर, सिविल लाइंस, जगतपुर, सुभाषनगर, हरुनगला, शाहदना आदि क्षेत्र में भी शुक्रवार को बिजली संकट बना रहा।

### एक नजर

#### वेंडिंग जोन में 70 वेंडरों के फड़ पर 12 लोगों ने किया कब्जा

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने सेटेलाइट बस अड्डे के सामने सड़क किनारे वेंडिंग जोन बनाया है। इसमें 70 दुकानदारों को फड़ आवंटित किए जाने थे लेकिन इन पर सिर्फ 12 लोगों ने कब्जा कर लिया है। अब इसकी शिकायत के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने जांच शुरू करा दी है। फड़ विक्रेताओं की समस्याओं को देखते हुए नगर निगम की ओर से वेंडिंग जोन बनाया गया है। इसकी प्रमुख वजह यह भी थी कि इससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी लेकिन जोन में कुछ लोगों ने दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया। कुछ दिन पहले हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय मंत्री सुनील कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों से इस मामे की शिकायत की थी। इसके बाद नगर निगम स्तर से स्थलीय जांच कराई गई तो आरोप सही पाए गए। जांच में पाया गया कि 70 दुकानदारों के स्थान पर 12 दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। अब ये लोग फड़ खाली करने में भी आनाकानी कर रहे हैं। अब नगर निगम इन दुकानदारों से फड़ खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक जिसको जहां जगह आवंटित हुई है, उसे वहीं पर जगह दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति कब्जा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि अतिक्रमण अभियान में अवैध कब्जे हटाए जाते हैं। यदि जांच में शिकायत सही पाई गई है तो कब्जा हटवाया जाएगा।

# काम में लापरवाही पर 140 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय रोका, 225 को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों से गर्भवती, धात्री और बच्चों को पोषाहार वितरण के लिए 1 जुलाई से चेहरा मिलान (फेस कैप्चरिंग) और ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। इसके बावजूद कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ई-केवाईसी और फेस कैप्चरिंग का काम पूरा नहीं किया है। डीपीओ ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए 140 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय रोकने के साथ ही 225 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही प्रत्येक सीडीपीओ को निर्देश दिए हैं कि वह प्रतिदिन लाभार्थियों के फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी की अपडेट लें। निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा न होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ साथ मुख्य सेविका और सीडीपीओ भी जिम्मेदार होंगे।

जिले के 2857 आंगनबाड़ी केंद्रों से 2.29 लाख लाभार्थियों को पुष्टाहार का वितरण किया जा रहा है। अब तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पंजीकृत नाम के आधार पर ही लाभार्थी को योजना का लाभ देती रही हैं। इस वितरण प्रणाली में अक्सर पुष्टाहार न मिलने की शिकायतों पर शासन ने योजना को पारदर्शी बनाने को बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए पात्र लाभार्थियों की फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी कराने की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। डीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि पोषण ट्रैकर मोबाइल एप पर यह कार्य 30 जून तक पूर्ण करना है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाकायदा प्रशिक्षित किया जा चुका है। कई बार नोटिस देकर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए, लेकिन कई केंद्रों पर खास प्रगति नहीं हुई। जिस कारण जीरो पर अटकी 140 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानदेय रोकने के साथ कई को नोटिस जारी किया गया है।




- **डीपीओ ने लाभार्थियों के फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी की धीमी प्रगति पर की कार्रवाई**
- **निर्धारित समय में लक्ष्य पूर्ण नहीं होने पर मुख्य सेविका और सीडीपीओ भी होंगे जिम्मेदार**

#### आधार से नंबर लिंक न होने पर नहीं होगा पंजीकरण

डीपीओ के मुताबिक जिन लाभार्थियों के आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, उन्हें शीघ्र ही निकट के आधार केंद्र पर जाकर लिंकिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने की सलाह दी गई है। मोबाइल नंबर लिंक न होने की स्थिति में न तो ओटीपी प्राप्त होगा और न ही ई-केवाईसी संभव होगी, जिससे लाभार्थी का पंजीकरण अधूरा रह जाएगा।

> ई-केवाईसी और फेस कैप्चरिंग नहीं होने से लाभार्थियों को पोषाहार सहित अन्य लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा पीएम मातृ वंदन योजना से भी वंचित हो सकते हैं। फेस कैप्चरिंग के लिए 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित है। लगातार मानीटरिंग चल रही है। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> – **देवयानी**, सीडीओ

### चकराहा में पहुंची टीम, बच्चों को किया जाएगा प्रतिरक्षित

**बरेली, अमृत विचार:** भमोरा के गांव चकराहा में चार बच्चों में खसरा की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के आदेश पर भमोरा स्वास्थ्य केंद्र की टीम शुक्रवार को सुबह ही गांव पहुंची और बच्चों का हाल जाना। टीम ने इन गांवों में रहने वाले सभी नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन सभी बच्चों को एमआर की अतिरिक्त डोज से प्रतिरक्षित किया जाएगा।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अक्सर भ्रांतियों के चलते कुछ लोग बच्चों को नियमित टीकाकरण नहीं कराते हैं जिससे बच्चे की सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। नियमित रूप से टीकाकरण कराने से 12 प्रकार की गंभीर बीमारियों से बच्चों का बचाव होता है। इसलिए सभी अभिभावकों से अपील है कि बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : महेंद्र बहादुर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मॉडल टाउन में सीएम ग्रिड के पहले चरण के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए शासन सख्त हो गया है। सड़क खोदाई से लेकर अन्य कामों में लापरवाही का मामला सामने आ चुका है। नगर निगम ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता और लेटलतीफी को लेकर फर्म को नोटिस जारी करते हुए शासन को सूचना भेजी थी। सीएम ग्रिड के निर्माण कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के लिए शुक्रवार को यूरिडा के सीईओ महेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए पहुंची।

अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी यूरिडा के सीईओ और विशेष सचिव नगर विकास महेंद्र बहादुर सिंह शुक्रवार को दोपहर में टीम के साथ मॉडल टाउन में चल रहे सीएम ग्रिड के कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उनके साथ मौजूद इलेक्ट्रिक इंजीनियर और डिजाइनर ने सड़क की चौड़ाई, लंबाई से लेकर अन्य कार्य की गुणवत्ता की गहनता से जांच की। टीम ने निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री की लैब टेस्टिंग के लिए सैंपल लिए। टीम के साथ आए एक्सपर्ट ने सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिए हैं। सीईओ ने चैंबरों की खुदाई के कार्यों को देखा और कार्यदायी एजेंसी को हिदायत दी कि बरसात में चैंबरों की खुदाई में सावधानी बरतें। जिन जगहों पर खोदाई हो रही है वहां बैरिकेडिंग की जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। समय पर कार्य पूरा न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संजीव मौर्य, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी और अन्य इंजीनियर उपस्थित रहे।



मॉडल टाउन में सीएम ग्रिड के कार्यों का निरीक्षण करते सीईओ महेंद्र बहादुर। ● अमृत विचार

> यूरिडा की टीम ने सीएम ग्रिड के कार्यों का निरीक्षण किया है। समय पर काम पूरा करने के लिए फर्म को निर्देश दिए गए हैं। टीम ने निर्माण कार्यों पर संतोष जताया है।
> **–संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

- **यूरिडा के सीईओ ने सीएम ग्रिड के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण**
- **टीम ने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेजा**

#### मानकों को लेकर तैयार हो रही रिपोर्ट

**बरेली :** सीएम ग्रिड के कार्यों को लेकर आईआईटी कानपुर की टीम ने कुछ दिन पहले निरीक्षण किया था। इससे पहले नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने निरीक्षण में कुछ कमियां पाए जाने पर फर्म को नोटिस जारी करते कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया था। साथ ही पाइप की क्वालिटी सुधारने को कहा था। अब यूरिडा की टीम निरीक्षण कर सैंपल भी लिए हैं। निर्माण कार्य की गुणवत्ता कितनी सही है इसकी लैब टेस्टिंग भी कराई जाएगी। सड़कों पर यूटिलिटी शिफ्टिंग और सेंट्रल लाइन मार्किंग कार्य को जाकर देखा।

# बीसलपुर मार्ग : पेड़ हटाने में सुरक्षा मानकों का नहीं रख रहे ख्याल

## चौड़ीकरण के लिए हटाए जा रहे पेड़, लापरवाही में हादसों का अंदेशा, कई जगहों पर पेड़ हटाने से बने गड्ढों के बगल से गुजर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीसलपुर रोड के चौड़ीकरण के काम में लापरवाही बरती जा रही है। पेड़ों को जैसे तैसे हटाया जा रहा है। कुछ जगहों पर पेड़ों को सड़क के किनारे ही काट कर छोड़ दिए गए हैं। पेड़ हटाने के दौरान सुरक्षा के मानकों का ख्याल नहीं किया जा रहा है। इसके कारण हादसा होने का भय बना हुआ है।

बीसलपुर रोड के चौराहे से सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। इसके कारण फुटपाथ पर कई जगहों पर बिजली के पोल और पेड़ को हटाया जाना है।



बीसलपुर रोड पर पेड़ काटकर सड़क के किनारे छोड़ा। ● अमृत विचार



पेड़ हटाने के लिए की खुदाई, गड्ढे के बगल से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

दो जगहों पर शीशम के पेड़ को हटाने के लिए गहरी खुदाई की गई है। एक जगह पर हरूनगला के पास पेड़ को काट कर सड़क किनारे ही फेंक दिया गया है, जबकि दूसरी जगह पर एक पेड़ को हटाने के लिए बड़े ही बेतरतीब तरीके से खुदाई की जा रही है। इसे भी कार्यदायी संस्था जैसे-तैसे काटने की फिराक में है। वहीं कार्यों की गति धीमी होने के साथ लापरवाही भी बरती जा रही है।

सड़क को चौड़ीकरण के लिए की गई गहरी खोदाई के पास न तो संकेतक लगाए गए हैं और बैरियर भी नहीं लगाए गए हैं। इसके कारण हजारों लोगों का गहरे गड्ढे के बगल से आना जाना हो रहा है।

बारिश के समय गड्ढों में पानी भर जाने के कारण लोगों को गड्ढे का अंदाजा नहीं मिल रहा है। इस वजह से कई लोगों के वाहन फंस जा रहे हैं, जबकि जैसे-तैसे खुदाई के कारण पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो जा रही है। इसको लेकर पार्षद प्रतिनिधि राजेश पटेल ने नगर आयुक्त से शिकायत भी की है।

# दहशत ऐसी कि बार-बार पूछने पर भी पत्नी को कुछ नहीं बताया

## साइबर ठग की धमकी से डरे सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ने एसबीआई से पास कराया 30 लाख का पर्सनल लोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **लोन स्वीकृत कराने के बाद अचानक वैज्ञानिक के दिमाग में आया तो बेंगलुरू पुलिस को फोन कर सीबीआई अफसर के बारे में ली जानकारी**
- **बेंगलुरू पुलिस ने कहा, इस तरह का कोई अफसर नहीं तैनात, इसके बाद ठगे जाने का हुआ एहसास, फिर भी नहीं दी पुलिस को सूचना**

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने मानव तस्करी में शामिल होने का झांसा देकर आईवीआरआई कैंपस में रहने वाले सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखने के साथ ही जेल भेजे जाने की कार्रवाई का डर दिखाकर जमकर धमकाया। साइबर ठग के जाल में फंसे सेवानिवृत्त वैज्ञानिक इस कदर दहशत में आ गए कि साथ में रह रहीं पत्नी को भी कुछ नहीं बताया। साइबर ठग के इशारे पर कमरे से बाहर निकलते और बैंक जाकर रकम ट्रांसफर कराते और फिर वापस आकर खुद को कमरे में कैद कर लेते।

पुलिस के अनुसार हद तो यह हो गई कि साइबर ठग ने 1.29 करोड़ रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कराने के बाद धमकाकर सिक्योरिटी मनी के रूप में 30 लाख रुपये और मांगे। डरे-सहमे शुकदेव ने एसबीआई से पर्सनल स्वीकृत कराया। जो बैंक से पास भी हो गया। इसी बीच, उनके दिमाग में आया तो उन्होंने बेंगलुरू पुलिस के कंट्रोल रूम में फोन कर ठगों के बताए अफसर के बारे में जानकारी की तो वहां से बताया गया कि इस तरह का कोई सीबीआई अफसर नहीं है। इसके बाद उन्हें ठगे जाने का अहसास हुआ। इस तरह पर्सनल लोन की 30 लाख की रकम बच गई।

दरअसल, ठग ने फोन कर खुद को सीबीआई अधिकारी बता कर आईवीआरआई के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इसी बीच आईवीआरआई के सेवा निवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी से अलग-अलग माध्यमों से 1.29 करोड़ रुपये अपने बताए हुए बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। साइबर ठग के डर में वह पांच दिन तक कमरे में ही रहे। ठग ने सीआईडी सीरियल के दया नायक की तर्ज पर इन्हें डराया। ठगों ने उन्हें इस कदम डरा दिया कि वह हमेशा कमरे में ही बंद रहते थे। साइबर ठग जब उनसे पैसों की मांग रखते तो वह उनकी मांग को पूरा करने के लिए चुपके से कमरे से बाहर निकलते और सीधा बैंक जाते और ठग के बताए गए बैंक खाते में रुपये जमा करा कर आकर फिर से कमरे में ही कैद हो जाते थे। इस दौरान उन्हें परेशान और कमरे में कैद देखकर बार -बार पूछने के बाद भी पत्नी को भी कुछ बताने को तैयार नहीं थे।

### ऐसे करें खुद का बचाव

- पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट पुलिस नहीं करती।
- अनजानों से व्हाट्सएप काल या वीडियो काल पर बात न करें।
- किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ऑनलाइन नौकरी का सत्यापन जरूर करें।
- दबाव में न आएं कॉलर धमकी दे तो परेशान न हों। ठग डर का ही फायदा उठाते हैं।
- पैसा दोगुना करने के लालच में बिलकुल न फंसे।
- निवेश सिर्फ उन्हीं में करें जिस कंपनी को जानते हो।
- ठगी होने के बाद फौरन सूचना 1930 पर साइबर पुलिस को दें।
- अनजान नंबरों से आने वाले कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें।
- निजी जानकारी न दें बैंक डिटेल, आधार नंबर या कोई और पर्सनल डेटा शेयर न करें।

### बैंक मैनेजर के पूछने पर बोले प्लाट खरीद रहा हूं...

सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी ने जब बैंक में जाकर एक साथ ही 1.10 करोड़ रुपये आरटीजीएस करने के लिए फार्म भर कर दिया तो बैंक मैनेजर को गड़बड़ी का शक हुआ। बैंक मैनेजर ने इतनी बड़ी रकम एक साथ भेजने का कारण पूछते हुए इसे न भेजने के लिए भी आगाह किया। इस पर वह नाराज होने लगे और प्लाट खरीदने की बात कहकर रुपये ट्रांसफर करते चले गए। हैरानी की बात यह है कि ठग ने सिक्योरिटी के नाम पर 30 लाख रुपये जमा करने को कहा। अपनी गिरफ्तारी तय मानकर बेहद डरे शुकदेव नंदी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 30 लाख रुपये के पर्सनल लोन के लिए अप्लाई कर दिया। बैंक से लोन पास भी हो गया। पर्सनल लोन की रकम उनके खाते में भी आ गई। इसी बीच वह बेंगलुरु पुलिस से संपर्क किए तो पता चला कि वह ठगी के शिकार हो गए हैं।

### दूसरी बार में शुकदेव ने भेजे 19 लाख रुपये

साइबर ठग के कहने पर आईवीआरआई के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ने 19 जून को दूसरे खाते में 10 लाख रुपये भेज दिए और नौ लाख रुपये 20 जून को एक अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब साइबर ठगों ने और रुपयों की मांग की तो शुकदेव ने बैंक से पर्सनल लोन भी लिया। उन्होंने कॉल करने वाले दोनों नंबरों को गूगल पर खंगाला, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। बेंगलुरु पुलिस से संपर्क के बाद समझ आया कि उनके साथ बड़ा साइबर फ्रॉड हो गया है। वैज्ञानिक इस कदर सदमे में रहे कि उन्होंने परिवार से लेकर किसी परिचित तक से इसका जिक्र तक नहीं किया। सप्ताह भर बाद उन्होंने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साइबर पुलिस ने कुछ रुपये को फ्रीज करा दिया है। अन्य खातों में गए रुपयों की जांच कर रही है। जल्द ही उसे भी फ्रीज कराएगी।

### ठग ने कहा, मैं सीबीआई अफसर दया नायक बोल रहा हूं...

ठग ने खुद को सीबीआई अफसर दया नायक बताते हुए शुकदेव को फोन उठाते ही डिजिटल अरेस्ट कर लिया। साथ ही दूसरी तरफ से भी वही कहानी दोहराई गई और कहा गया कि उनके अकाउंट में अवैध रुपया आया है। झांसे में आए शुकदेव ने 18 जून को बैंक जाकर अपने अकाउंट से 1.10 करोड़ रुपये आरटीजीएस के जरिये ठग के बताए हुए खाते में ट्रांसफर भी कर दिए। ठगों ने जब उनके दूसरे खातों की जानकारी मांगी तो उन्होंने ग्रामीण बैंक का खाता नंबर भी बता दिया। इसमें से एक लाख रुपये लौटाकर ठगों ने और भरोसा जीत लिया।

### अधिकारी बता कर लगाया मानव तस्करी का आरोप

आरोप है कि ठग ने उनसे कहा कि उनके आधार कार्ड से कई सिम निकालकर धोखाधड़ी करने के साथ ही मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध किए गए हैं। उसने कहा कि उनके यहां सदाकत खां नाम का एक युवक गिरफ्तार किया गया है। जिसने उनके नाम पर सिम लिया है। इससे वैज्ञानिक और बुरी तरह से डर गया। शुकदेव नंदी जनवरी में सेवानिवृत्त हुए थे। जिन्हें छह माह के लिए यहां परिसर में रहने की अनुमति मिली है। हालांकि, अब 30 जून को आवास उनको खाली करना पड़ेगा।

> सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ठगी का शिकार हुए हैं। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कुछ रुपयों को फ्रीज करा दिया गया है। साथ ही उस खाते से अन्य खातों की चेन जोड़ी जा रही है। इससे और भी रुपयों को फ्रीज कराया जा सके। डर या लालच में आकर अपनी मेहनत की कमाई न गवाएं। पुलिस कभी भी किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। – **नीरज कुमार**, साइबर क्राइम इंस्पेक्टर







## गैर इरादतन हत्या की कोशिश में चार भाइयों को 5 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** पांच साल पहले जमीनी विवाद में सगे चचेरे भाई की गैर इरादतन हत्या की कोशिश में थाना आंवला के मोहल्ला ताड़गंज निवासी चार सगे भाइयों वीरेन्द्र, रामबहादुर उर्फ नेमचंद्र, लाल सिंह और रूप किशोर को सेशन कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। कोर्ट ने प्रत्येक को 5-5 वर्ष कारावास और 9-9 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील संतोष सिंह ने बताया कि वादी चेतराम ने थाना आंवला में तहरीर देकर बताया था कि तहेरे भाईयों से जमीनी विवाद चल रहा था। 20 मई 2020 को आरोपियों ने लाठी-डंडों से मुझे और अजय को मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने 7 गवाह पेश किये।

# टॉवर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई खुद को बीएसएनएल अफसर बताने वाला आरोपी फरार**
- **आरोपियों से पांच लैपटॉप और एक टैबलेट बरामद, सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर भेजा गया जेल**

**अमृत विचार :** लोगों को फोन कर खुद को बीएसएनएल कंपनी का अधिकारी बता कर टॉवर लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का एसओजी और बारादरी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। टीम ने जगतपुर क्षेत्र से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तड़के एसओजी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा को जानकारी मिली कि फर्जी टॉवर लगाने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह के लोग बारादरी क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस पर एसओजी और बारादरी क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार की संयुक्त टीम सक्रिय हुई।


गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देते सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव।

टीम ने जगतपुर स्थित 99 बीघा खाली पड़े मैदान के पास सम्राट अशोक नगर जाने वाले रास्ते से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना बीसलपुर पीलीभीत निवासी इरफान, थाना कटरा शाहजहांपुर के रजित उर्फ रजत, फईम, लखीमपुर खीरी के वाजिद, आसिक अली और साकिर अली के रूप में हुई है, जबकि गिरोह में शामिल तहसीन मौके से फरार होने में सफल रहा। इसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से पांच लैपटॉप, एक टैबलेट, दो प्रिन्टर व स्कैनर, छह मल्टीमीडिया मोबाइल, छह की-पैड मोबाइल, पांच सिम कार्ड, तीन डायरी, 155 लोगों की सूची, एक कार और दो बाइक बरामद हुई है।

### होटल में कमरा लेकर जीते थे लग्जरी जीवन

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सभी लोग अलग-अलग होटलों में कमरा लेकर रहते थे। मौजूदा समय में मैक्स रिहाब हेल्थ केयर राजेन्द्र नगर के ऊपर कमरा लेकर रह रहे थे। सभी लोग इस कमरे में रहकर बीएसएनएल का टॉवर खेत व मकानों में लगाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को फंसाकर फर्जी कागजात भेजकर ठगी करते थे। जो सभी लोग आपस मे बांट लेते थे। फरार साथी तहसीन बीएसएनएल का अधिकारी बनकर बात करता था।

### खेतों और मकानों में सर्वे के लिए जाती थी फर्जी टीम

आरोपियों ने बताया कि जो भी उनके झांसे में आ जाता था। उसके यहां टॉवर लगाने की बातचीत हो जाती थी। इसके बाद वहां जाकर टीम उनके खेत या मकान का सर्वे करती थी। उन्हे विश्वास दिलाया जाता था कि उनका टॉवर लग जाएगा और इसी नाम पर उनसे रजिस्ट्रेशन फीस के रुपये लेकर भारत संचार निगम लिमिटेड का हूबहू फर्जी कागजात दिया जाता था। टीम फिर सर्वे करती थी और टावर लगाने के लिए एक से डेढ़ लाख रुपये लिया जाता था। ठगी करने के बाद आरोपी सिम निकाल कर फेंक देते थे। पुलिस का दावा है कि आरोपी राजेंद्र नगर से कमरा खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी में थे, लेकिन गिरफ्तार कर लिए गए। इरफान पर चार मुकदमे, रजित उर्फ रजत और वाजिद पर एक-एक, फईम पर चार, आसिक अली पर दो और साकिर अली के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज हैं, जबकि, फरार आरोपी तहसीन पर सात मुकदमे दर्ज हैं।

> बीएसएनएल का टॉवर लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। – **पंकज श्रीवास्तव**, सीओ तृतीय

## जितेंद्र कुमार सुभाषनगर और राजबली क्योलड़िया थाना प्रभारी बने

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में लापरवाही के आरोप में एसएसपी अनुराग आर्य ने नवाबगंज थाना प्रभारी राहुल सिंह को लाइन हाजिर कर सुभाषनगर थाना प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को चार्ज दिया था।

अब एसएसपी ने शुक्रवार को क्योलड़िया थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को सुभाषनगर का थाना प्रभारी बनाया है। इसके अलावा हाफिजगंज थाने में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर राजबली सिंह को क्योलड़िया थाने की जिम्मेदारी दी गई है। एसएसपी ने कहा कि लापरवाह पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चार अवैध कालोनियों पर बीडीए ने चलाया बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बीडीए की टीम ने शुक्रवार को थाना भोजीपुरा के गांव भूड़ा में बसाई जा रहीं चार अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

बीडीए की टीम दोपहर में गांव भूड़ा पहुंची। यहां पर इरशाद करीब 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखंडों का चिह्नांकन, साइट ऑफिस आदि का कार्य करते हुए अवैध कालोनी का निर्माण करा रहा था। इसके अलावा बाबर करीब 5000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में, रियासत और इफाकत करीब 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में और कौशल करीब 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध कालोनी बसा रहे थे। बीडीए की टीम ने उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते अवैध कालोनियों के निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। टीम में प्राधिकरण के अवर अभियंता अजीत कुमार, सीताराम, संदीप कुमार, संयुक्त सचिव दीपक कुमार और प्रवर्तन दल के कर्मचारी मौजूद रहे।


कॉलोनियों पर चलता बीडीए का बुलडोजर।

- **थाना भोजीपुरा गांव भूड़ा में हुई कार्रवाई**

## तालाब में डूबकर ग्रामीण की मौत

**भमोरा, अमृत विचार:** सरदार नगर चौकी क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी रामचंद्र (45) शुक्रवार शाम तालाब में नहा रही भैंसों को निकालने गए। काफी प्रयास के बाद नहीं निकली तो वह खुद तालाब में उतर गए, लेकिन वह तालाब में डूब गए।

देर शाम भैंस घर पहुंच गई, लेकिन जब वह नहीं पहुंचे तो पत्नी को चिंता हुई। शाम 8 बजे बच्चों और ग्रामीणों के साथ खोजना शुरू किया। शंका होने पर सभी तालाब के पास पहुंचे तो पानी ज्यादा होने से किसी कि हिम्मत नहीं हुई तो इसकी सूचना सरदार नगर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी विकास यादव ने गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद रात 9 बजे तालाब की तलहटी से रामचंद्र का शव निकाल लिया। शव देख पत्नी विमला देवी और बच्चों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया।

## निकाह नहीं कराने पर युवती पर तेजाब डालने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विरोध पर भाई के साथ की मारपीट, सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में एक युवक के घर में सात लोगों ने घुस कर मारपीट की और उसकी बहन से जबरन निकाह करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दो नामजद समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के स्वालेनगर निवासी युवक ने बताया कि उसकी बहन के साथ आरोपी मुन्ना उर्फ सैफ निवासी स्वालेनगर जबरन निकाह करना चाहता है। आरोप है कि 17 जनवरी को उसके घर में घुसकर मुन्ना, नदीम और भूरा ने गालीगलौज कर मारपीट की थी और उसकी बहन से जबरन निकाह करने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर पूरे परिवार को खत्म करने और बहन के चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहे थे। इस मामले में 18 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से ही आरोपी रंजिश मानने लगे। आरोप है कि खुले आम तमंचा लहरा कर डरा धमका रहे हैं और मुकदमे में समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। 27 अप्रैल की रात मुन्ना ने फोन कर धमकी भी दी। उसने अंदेशा जताया है कि उसकी हत्या हो सकती है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उम्मीद की फसल


बारिश का मौसम शुरू होते ही घुटनों-घुटनों पानी और मिट्टी के बीच भविष्य के लिए फसल रोपने का काम तेज हो गया है। किसान परिवार की महिलाएं और बच्चे भी इस काम में जुट गए हैं। नैनीताल रोड पर भोजीपुरा के पास एक खेत में महिलाओं के साथ रोपाई करते किसानों के बच्चे। ● हरदीप सिंह टोनी

# राशन कार्ड को आपूर्ति कार्यालय फूंकने की धमकी

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** राशन कार्ड बनवाने के नाम पर टाल-मटोल से आजिज आए ग्रामीण ने शुक्रवार को आपूर्ति कार्यालय में जमकर हंगामा किया। आरोप है कि ग्रामीण ने आपूर्ति कार्यालय को फूंक देने की धमकी दे डाली। इस पर आपूर्ति लिपिक ने एसडीएम को मामले से लिखित में अवगत कराया। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक आयुष शर्मा की तहरीर पर आरोपी गोपाल पटेल पर सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कर ली। ग्रामीण के हंगामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दो-दो हजार रुपये में राशन कार्ड बनाने का आरोप लगा रहा है।


आपूर्ति कार्यालय में हंगामा करता युवक।

- **अधिकारियों पर दो-दो हजार रुपये लेने के जड़े आरोप, आरोपी का वीडियो वायरल**
- **आपूर्ति निरीक्षक के निर्देश पर लिपिक ने फतेहगंज पश्चिमी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के गांव कनूनगला निवासी गोपाल पटेल शुक्रवार को राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील के आपूर्ति कार्यालय में पहुंचे। उसने बीडीओ द्वारा भेजे आवेदन के आधार पर राशन कार्ड बनाने पर जोर दिया। लिपिक ने उसको बताया कि बीडीओ के आफिस से उसका आवेदन अभी तक यहां नहीं आया है। इसके बाद ग्रामीण ने कार्यालय में हंगामा शुरू कर दिया।

आपूर्ति लिपिक का आरोप है गोपाल ने कार्यालय में आकर गाली गलौज की और आग लगाने की धमकी देकर सरकारी कार्य में बाधा डाली। हंगामा करता आरोपी कार्यालय में लगे कैमरे में कैद हो गया। आपूर्ति निरीक्षक रवि सक्सेना ने बताया आरोपी ने गुरुवार को भी आफिस में हंगामा किया था। लिपिक ने शुक्रवार को फतेहगंज पश्चिमी थाने में तहरीर दी। इस दौरान हंगामे का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। वीडियो में ग्रामीण दो- दो हजार रुपयों में राशन कार्ड बनाने का आरोप लगा रहा है।

इसी दौरान वहां पर बैठा कोई व्यक्ति पूछता है कि कहां लिए हैं तो आरोपी कहता है कि उसके गांव में 12 कार्ड बन गए हैं। अभी सूची दिखाता हूं। कोई कहता है दिखाइए-दिखाइए। हंगामा करने वाला कहता है मोदी -योगी को बदनाम कर रखा है। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारी ने फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** किला रेलवे क्रॉसिंग के पास रहने वाले रेता बजरी के व्यापारी ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह जब परिजनों ने शव को फंदे पर लटका देखा तो पता चला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया और मामले की जांच की।

पुलिस के मुताबिक किला रेलवे क्रासिंग के पास रहने वाले जावेद खां (35) रेता बजरी का व्यापार करते थे। बृहस्पतिवार रात को वह खाना खाकर सोने के लिए चले गए। सुबह जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो शव लटकता मिला। जावेद खां अविवाहित थे। आत्महत्या क्यों की, इस संबंध में परिजनों ने कोई भी बात बताने से इन्कार कर दिया। पुलिस को अब तक किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है।

# ऑनलाइन गेम में 50 हजार हारने के बाद रचा आत्महत्या का ड्रामा

संवाददाता, बरेली/दुनका

- **सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर कहा - अब बची हैं सिर्फ दो-चार सांसें**
- **परिजनों ने युवक को मुरादाबाद के पाकबड़ा से सकुशल बरामद कर लिया**

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन गेम में 50 हजार रुपये हारने के बाद आत्महत्या करने का हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया। इसमें कहा कि उसने जहर पी लिया है। ऐसे में अब उसके पास सिर्फ दो-चार सांसें बची हैं। हालांकि, परिजनों ने उसे मुरादाबाद के पाकबड़ा से सकुशल बरामद कर लिया।


मोहम्मद हसीब।

शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका निवासी हसीब (24) बृहस्पतिवार को अचानक घर से गायब हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। एक दिन बीत जाने के बाद शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हबीब अहमद जहर खाने के बाद कुछ देर में अपने प्राण त्यागने की बात करते हुए दिखाई दिया। वीडियो में उसने एक व्यक्ति के ऊपर ऑनलाइन गेम खेलने के लिए 50 हजार रुपये देकर वापस देने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। साथ ही रुपये वापस न दे पाने के कारण परेशान होकर उसने जहर खाकर जान देने की कोशिश का वीडियो सोशल मीडिया पर बनाकर अपलोड कर दिया। इसके बाद परिजनों ने युवक को तलाश करना शुरू किया। इस पर वह पाकबड़ा में सही सलामत मिला। ग्राम प्रधान अफसर अहमद ने बताया कि हसीब अहमद अली के गुरुवार से घर से लापता था। सोशल मीडिया पर जहर खाने का झूठा वीडियो देखने के बाद परिजन काफी परेशान थे।

अब वह सुरक्षित है। बता दें कि छह माह पहले शादी वाले दिन दूल्हा बनने से पहले भी हसीब कहीं फरार हो गया था। काफी तलाश पर वह मिला था। इसके बाद उसे दूल्हा बनाया गया था।

### वीडियो में कहा 'कहा-सुना माफ करना...'

सोशल मीडिया पर तीन मिनट 11 सेकेंड के वायरल हो रहे वीडियो के आखिर में हसीब कहता है कि कहा-सुना माफ करना और फिर रो पड़ता है। यह वीडियो वायरल होने के बाद उसके भाई नदीम अहमद ने थाने में तहरीर देकर हसीब को बरामद करने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने भी गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। इसके बाद परिवार, रिश्तेदार एवं पुलिस उसकी तलाश में लगी, इसी बीच परिजनों ने उस सकुशल बरामद कर लिया।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# नाथनगरी बनी जगन्नाथ पुरी, निकाली भव्य रथ यात्रा

## जगह-जगह लोगों ने किया रथ यात्रा का स्वागत, भजनों पर झूमे भक्त, जमकर की पुष्प वर्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रथ यात्रा में सजी जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की झांकी। ● अमृत विचार


रथ यात्रा की शुरुआत करते कैंट विधायक संजीव कुमार और भक्त। ● अमृत विचार


रथ यात्रा में राधा-कृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सिकलापुर स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर से श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा से पहले सुबह भगवान जगन्नाथ का अभिषेक किया गया। इसके बाद तुलसी मठ के महंत नीरज नयन दास ने विधि विधान से हवन यज्ञ किया, जिसमें करीब 250 लोगों के साथ सांसद छत्रपाल ने भी भक्ति पूर्ण आहुति दी।

भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा की शुरुआत से पहले वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और सांसद छत्रपाल ने मिलकर आरती की। यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का रथ पुष्पों से सजा हुआ था। रथ यात्रा में सीता राम सरकार की झांकी, राधा कृष्ण की झांकी समेत अन्य देवी देवताओं की झांकी शामिल रहीं।

यात्रा मंदिर से शुरू होकर आयुर्वेदिक कॉलेज, साहू गोपीनाथ, फर्नीचर मार्केट के पीछे से होते हुए पटेल चौक, नावल्टी से रोडवेज पर पूर्ण हुई। रास्ते में भक्तों ने यात्रा का पुष्प वर्षा और आरती कर स्वागत किया। यात्रा में चंदौसी से नगाड़ों का बैंड, बरेली के बैंड और सांस्कृतिक धुनों पर भगवान जगन्नाथ के भजनों पर भक्त जमकर झूमे।

रथ यात्रा के समापन पर मंदिर में भव्य भंडारा किया गया। जिसमे हजारों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मीडिया प्रभारी रिशुल अग्रवाल, अशोक मौर्य, राहुल गर्गया, शिवओम, महंत दयाल दास आदि उपस्थित रहे।


रथयात्रा में सजी राम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार


सिकलापुर के जगगनाथ मंदिर से निकली रथयात्रा में भजनों पर झूमते भक्त। ● अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# किला उपकेंद्र में एमडी को मिली खामियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के दौरान जिले की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है, बिजली अधिकारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने के साथ ही विद्युत निगम तक भी लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। इसको लेकर शुक्रवार को विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल बरेली पहुंचीं और उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रबंध निदेशक ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण और किला उपकेंद्र में मिली खामियां दुरुस्त करने के निर्देश दिए।


बिजली अधिकारियों की बैठक लेतीं प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल। ● अमृत विचार

### शत-प्रतिशत हो राजस्व वसूली

निरीक्षण के बाद विकास भवन सभागार में प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें प्रबंध निदेशक ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करने के सख्त निर्देश दिए। वहीं आरडीएसएस योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। इसमें अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता नगरीय ज्ञानेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने निगम के निदेशक तकनीक हरीश बंसल, निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार, निदेशक वित्त मनोज बंसल के साथ रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क व डाक के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का रिकॉर्ड चेक किया। वहीं संबंधित जिम्मेदारों को उपभोक्ताओं की सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं कंट्रोल रूम और स्विच यार्ड के निरीक्षण के दौरान 11 केवी व 33 केवी विद्युत लाइन में व्यवधान होने पर फौरन वर्टिकल व्यवस्था से सुचारू होने की समयावधि की भी जानकारी ली। निदेशक तकनीक हरीश बंसल ने किला उपकेंद्र का निरीक्षण किया तो यहां कई खामियां मिलीं, इनको फौरन दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## औद्योगिक क्षेत्र में ट्रिपिंग और बाजार में घंटों बिजली गुल होने से व्यापार हो रहा प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश मंत्री एवं जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के शिष्ट मंडल और आईआईए के अध्यक्ष मयूर धीरवानी ने विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल को ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याएं बताईं।

अनिल अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में जिले की विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है जिस कारण से व्यापार भी बहुत प्रभावित हो रहा है। व्यापारी त्रस्त है, जिसका प्रमुख कारण विकेंद्रीकरण और स्टाफ का कम हो जाना है। मयूर धीरवानी ने कहा कि इतनी समस्या विकेंद्रीकरण के लागू होने से पहले उत्पन्न नहीं होती थी। परसाखेड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में लगातार ट्रिपिंग की समस्या से उद्योगों पर काफी फर्क पड़ा है। इस समस्या को दूर करने का एक ही उपाय है कि परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में जिस प्रकार से पूर्व में एक जेई स्तर के अधिकारी की ओर से निगरानी की जाती थी उसी प्रकार से वर्तमान में भी निगरानी होती रहनी चाहिए। अनिल अग्रवाल ने जगतपुर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले कुछ एरिया में चोरी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि शिकायत को लेकर पूर्व में मुख्य अभियंता को ज्ञापन भी दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। एमडी ने मुख्य अभियंता को आदेश दिया कि तत्काल विजिलेंस भेज कर इसकी जांच करवाएं और चोरी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाए। इस मौके पर राघव खंडेलवाल, एकांश गुप्ता, रजत मेहरोत्रा, विमल रेवाड़ी, तनुज भसीन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## 700 करोड़ खर्च करने के बाद भी बिजली व्यवस्था धड़ाम

**बरेली, अमृत विचार :** आरटीआई एवं सोशल एक्टिविस्ट मुहम्मद खालिद जीलानी एडवोकेट ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल को भीषण गर्मी में शहर की ध्वस्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विभाग के सात सौ करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद विद्युत सप्लाई, बिलिंग, राजस्व वसूली, नेवर पेड उपभोक्ता, खराब मीटर बदलने, गलत बिल, लोड बढ़ाने, बिजली कनेक्शन जारी करने और 1912 पर आने वाली शिकायतों और अन्य उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण की स्थिति बदतर है। विजिलेंस की टीमें बड़े बिजली चोरों से साठगांठ कर कार्रवाई नहीं करतीं और दो-चार किलोवॉट के उपभोक्ताओं से अवैध वसूली में लगी रहतीं हैं। उन्होंने कहा कि जोन और शहरी सर्किल में आरटीआई कानून का कतई पालन नहीं किया जा रहा है। विभागों में जन सूचना अधिकारियों की नियुक्ति, जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का नाम, पद-नाम, पता व दूरभाष नंबर की पट्टिका नहीं लगीं हैं और सूचना देने और प्रथम अपील के निस्तारण की अवधि का कतई अनुपालन नहीं होता है। जिस कारण उपभोक्ता को अपने संयोजन से जुड़ी सूचना नहीं मिल रही हैं।

# काला पीलिया का प्रकोप हावी घरेलू महिलाएं अधिक प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बीते साल की तुलना में लगातार बढ़ रही हेपेटाइटिस सी और बी से ग्रसित मरीजों की संख्या**

**अमृत विचार:** घर के कामकाज के साथ अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए घरेलू महिलाएं अपनी सेहत के प्रति लापरवाह हो रहीं है। इस अनदेखी की वजह से वे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रही हैं। जिला अस्पताल में संचालित हेपेटाइटिस क्लिनिक में बीते एक साल में 326 महिलाएं हेपेटाइटिस यानी काली पीलिया से ग्रसित मिली हैं जिनमें 90 फीसदी महिलाएं गृहणी हैं। जांच में सामने आया कि असंतुलित खानपान और समय पर बीमारियों के लक्षण होने पर जांच न कराना, इस बीमारी का कारण बन रहा है।

**एक साल में 513 मरीज मिले हेपेटाइटिस ग्रसित :** क्लिनिक से जारी रिपोर्ट के अनुसार जुलाई 2024 से मई 2025 तक ओपीडी में आए 513 मरीज हेपेटाइटिस से ग्रसित मिले हैं, जिनमें 226 महिलाएं हैं। इनमें 19 महिलाएं हेपेटाइटिस बी और 207 हेपेटाइटिस सी की चपेट में मिली हैं। इसके साथ ही पुरुष भी हेपेटाइटिस की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। 72 पुरुषों में हेपेटाइटिस बी और 215 मरीजों में हेपेटाइटिस सी की पुष्टि हुई है।

हेपेटाइटिस क्लिनिक प्रभारी डॉ. दीपक ने बताया कि करीब एक साल पहले ही अस्पताल में हेपेटाइटिस के वायरल लोड की जांच शुरू हुई है। इससे मरीज में लक्षण होने पर जांच कराकर हेपेटाइटिस की पुष्टि होने पर तुरंत इलाज शुरू किया जा रहा है। मरीजों का समय पर इलाज होने से जल्द स्वस्थ होने की संभावना भी काफी बढ़ गई है।

## सार-संक्षेप

### 50 पौधे लगाकर संरक्षण का लिया संकल्प



**बरेली, अमृत विचार :** अग्रवाल सेवा समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए शुक्रवार को रामपुर बाग स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि कैंट विधायक सजीव अग्रवाल के साथ समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने परिसर में 50 पौधे रोपे। कार्यकारी अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रयास सभी को करने चाहिए। हमें उम्मीद है कि यह पहल समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करेगी और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेगी। इस कार्यक्रम में महामंत्री राजीव बूबना, कोषाध्यक्ष संजय, मीडिया प्रभारी राज अग्रवाल, रिशुल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, रमेश सिंह अग्रवाल, सुनील कुमार, डॉ. नुपुर गोयल, रूपेश अग्रवाल, मयुरेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल और श्रीश कुमार गुप्ता समेत अन्य शामिल रहे।

### जुलाई में चलाया जाएगा पौधरोपण अभियान



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के तत्वावधान में शुक्रवार शाम विचार गोष्ठी का आयोजन शील ग्रुप के सिटी कार्यालय में किया गया। सनातन संस्कृति में वृक्षों का महत्व विषय पर हुई गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बरेली कॉलेज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी मौर्य ने कहा कि सनातन संस्कृति में वृक्षों के महत्व को देखते हुए उनकी पूजा और उन्हें संरक्षण प्रदान करने पर बल दिया गया था। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण होते हैं। वृक्ष पर्यावरण के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें पर्यावरण का सजग प्रहरी कहते हैं। प्रांतीय महामंत्री डॉ. शशि बाला राठी ने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद जुलाई में पौधरोपण अभियान चलाएगा। जनपदीय अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा, प्रांतीय संयुक्त मंत्री रोहित राकेश और जनपदीय संयुक्त मंत्री संजीव शंखधार ने भी विचार व्यक्त किए। रितेश साहनी और अनुज वत्स ने काव्य पाठ किया। संचालन डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा ने किया। निर्भय सक्सेना ने कहा कि अब वृक्षों को काटने के बजाय उनके ट्रांसप्लांट की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### भागवत सुनने वालों के सुधर जाते हैं लोक-परलोक



**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर खत्रियान में प्राचीन श्री बिहारी जी मंदिर में श्रीमद्भागवत के तीसरे दिन शुक्रवार को गोविंद मेरो है गोपाल मेरो है, प्यारा बांके बिहारी नंद लाल मेरो है भजन गाकर कथा शुरू की गई। कथा व्यास व्योम त्रिपाठी महाराज ने बताया कि शास्त्र कहते हैं पत्नी को पति का नाम नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह मर्यादा है। राधा जी शुकदेव जी की गुरु हैं। शुकदेव जी राजा परीक्षित को भागवत सुना रहे हैं क्योंकि उनकी उम्र सिर्फ सात दिन बची है। इसलिए भागवत सुनने वालों के लोक परलोक सुधर जाते हैं और उन्हें 21 पीढ़ियों को फल प्राप्त होता है। कथा में आशीष मेहरोत्रा, रति मेहरोत्रा, अनिका मेहरोत्रा, रोहित कपूर, आरती कपूर, अतुल कपूर, सोनिया कपूर, अमित कपूर, मीनू कपूर, अरुणा कपूर, अनूप मेहरोत्रा, अंशु मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

### सिविल डिफेंस ने 81 यूनिट रक्त दान किया



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल डिफेंस की ओर से शुक्रवार को आईएमए ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर की मुख्य अतिथि कैंट विधायक एवं भाजपा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर शुरुआत की। शिविर में 81 लोगों ने रक्तदान किया। बारादरी के आईसीओ प्रभाग डीके शर्मा ने भी रक्तदान किया। इस दौरान बताया गया कि रक्तदान से किसी तरह की कोई कमजोरी और थकान नहीं आती है। विभिन्न तरह की बीमारियां भी दूर रहती हैं। रक्तदान करने से विभिन्न लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है, इसलिए समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। उप नियंत्रक राकेश मिश्र, डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# पूर्वजों ने संविधान को कुचला, पोता दे रहा लोकतंत्र की दुहाई : खन्ना

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज सभागार में आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष विषय पर हुई संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया गया सम्मानित, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने मां के नाम पर रोपा पौधा

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में भाजपा की ओर से शुक्रवार को आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष पर संगोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचल दिया और आज उनके पोते संविधान की प्रति लेकर लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि आज देश का नेतृत्व गरीब और पिछड़े समाज से आने वाले एक चाय बेचने वाले के हाथ में है। वही व्यक्ति देश को दुनिया की सबसे तेज चौथी अर्थव्यवस्था बना है और हम बहुत जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल थोप दिया था। जिस संविधान की शपथ लेकर वह प्रधानमंत्री बनी थीं, उसी की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। लोकसभा चुनाव में दोषी ठहराए जाने की नैतिकता से इस्तीफा देने के बजाय पूरी व्यवस्था को ही कठपुतली बनाकर रखने का षड्यंत्र रचा था।

इंदिरा गांधी ने मीसा जैसे काले कानूनों के जरिये एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया था, जबकि यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया था। कांग्रेस पार्टी ने इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने का काम किया था। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। केवल तरीका का बदल गया है, पर नीयत आज भी तानाशाही वाली है।

**वित्त मंत्री ने रोपा मौलश्री का पौधा:** मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मौलश्री का वृक्ष लगाया और आपातकाल पर लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर अवलोकन किया। इस अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने अतिथियों सहित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. श्याम बिहारी लाल, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य, नीरेंद्र सिंह राठौर, प्रभु दयाल लोधी, रविन्द्र गुर्जर, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, बंटी ठाकुर आदि मौजूद रहे।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठी में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, प्रो. श्याम बिहारी, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, अधीर सक्सेना और डॉ. अशोक अग्रवाल। ● अमृत विचार

### लोकतंत्र सेनानियों ने साझा किए अनुभव

लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र अटल ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने देश में लोकतंत्र की हत्या की। मानवाधिकार का हनन किया। नागरिकों एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को यातनाएं दीं। इसे पूरा देश आज भी काला दिवस के रूप में मानता है। राजेन्द्र बहादुर चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही का विरोध केवल राजनीतिक नहीं था, यह भारत की आत्मा की रक्षा का आंदोलन था। इसमें राष्ट्रवादियों ने जान की बाजी लगाई थी।

### कार्यक्रम में इन्हें किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी वीरेंद्र अटल, राजेन्द्र बहादुर चौधरी, सतीश शर्मा, लेखपाल सिंह, कन्हैया लाल मिश्र, बाबूराम, झांझन लाल, महेश चंद्र सक्सेना, सुमंत माहेश्वरी, सोहन लाल, भीमसेन, जगदीश प्रसाद, भानुमति, गंगा देवी, मंगला देवी, सुंदर लाल, रामवती, राजेन्द्र पाल सिंह, उषा उपाध्याय, सरला, प्रवीण कुरेशी सहित 50 लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को शॉल, माला व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।



संगोष्ठी के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार


स्वतंत्रता सेनानी का सम्मान करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर उमेश गौतम, सांसद छत्रपाल गंगवार और डॉ. केशव अग्रवाल।

# विद्यालयों के बंद होने के नुकसान को लेकर शिक्षक-अभिभावक करेंगे बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से चिह्नित विद्यालयों के बंद करने का दबाव बनाने के संबंध में 30 जून को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले ऐसे विद्यालयों जिनमें नामांकित छात्रों की संख्या 50 से कम है, को बंद करते हुए किसी अन्य नजदीकी विद्यालय में विलय करने के आदेश जारी किए गए हैं।

विभाग की ओर से विद्यालय बंद करने के विरोध में छात्रों के अभिभावक, ग्राम प्रधान असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। जबकि इसके विपरीत खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकों और अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि इसी मामले पर चर्चा करने के लिए 30 जून को सभी ब्लाकों के अध्यक्ष, मंत्री, ब्लाक कार्यसमिति के पदाधिकारियों के साथ बंद होने वाले विद्यालयों के ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष की बैठक होगी। जिसमें छात्रों और शिक्षकों को होने वाली क्षति पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### बरेली कॉलेज में मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना


**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की लाइब्रेरी में शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। बोर्ड ऑफ कंट्रोल की वरिष्ठ सदस्य पुष्पा गुप्ता ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा का निर्माण जयपुर में हुआ है। इसे कॉलेज के शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण को समृद्ध करने की दिशा में सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। इस मौके पर प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति, डॉ. एके चौहान, वीरपाल सिंह यादव, केसी पाराशरी, सुप्रिया ऐरन, मधुलिका स्वरूप, प्राचार्य प्रो. ओपी राय, डॉ. आलोक खरे, डॉ. एपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय में शिप्रा पाठक ने किया पौधरोपण


**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक एवं वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ सिंदूर का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि वृक्ष एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए पूरे देश के विभिन्न स्थानों की पदयात्रा कर एक करोड़ वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प के साथ वह आज विश्वविद्यालय परिसर पहुंची। कुलपति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और जल संरक्षण एक दूसरे से जुड़े हुए महत्वपूर्ण पहलू हैं। इनमें गहरा संबंध है। पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय में सिंदूर के 200 पौधे लगवाए जाएंगे। प्रो. संजय गर्ग, प्रो. जेएन मौर्य, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति, डॉ. विजय सिंह, तपन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रतिभा मिस और फैजान मिस्टर फेयरवेल बने


**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिकी विभाग में शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी और पीजी फोरम पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पीजी फोरम के विजेताओं को ट्राफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा भारती को मिस और मोहम्मद फैजान को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इसके साथ ही इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. ओपी राय, विभाग प्रभारी प्रो. वीपी सिंह, प्रो. ऋतु अग्रवाल, प्रो. सुंदर सिंह, प्रो. नीरज राठौर, प्रो. अविनाश अग्रवाल, प्रो. एके सिंह और डॉ. पीके गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब बरेली साउथ ने दिनेश गोयल को किया सम्मानित


**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली साउथ ने शुक्रवार को आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का स्वागत किया। पीलीभीत बाईपास स्थित एक रिसॉर्ट में हुए कार्यक्रम में संजय अग्रवाल ने रोहित जिंदल, अजय जसोरिया, हिमांशु कौशिक, रवि प्रकाश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, दिनेश चंद खंडेलवाल को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. आईएस तोमर, डॉ. रवि मेहरा, घनश्याम खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संदीप मेहरा, चंद्र प्रकाश, अमित मल्होत्रा, अचल कुमार, अपूर्वा गुप्ता, अतुल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव बूबना, मुकेश खंडेलवाल, आशीष मेहरोत्रा, संजीव खंडेलवाल, राजीव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल का सहयोग रहा। मंच का संचालन दिनेश प्रधान ने किया।

# अब स्टेडियम में भी खेला जाएगा सेपक टाकरा, कोर्ट की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा एसोसिएशन के प्रयासों से स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी सेपक टाकरा खेल खेला जाएगा। शुक्रवार को सेपक टाकरा के नवनिर्मित कोर्ट की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर यूपी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव तान सिंह ने बताया कि यूपी सेपक टाकरा संघ के भीष्म पितामह कहे जाने वाले डॉ. एसएम सीरिया का सपना था कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में सेपक टाकरा शुरू हो। इसके लिए संघ पिछले 6-7 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा था। इससे पहले एसोसिएशन ने ही सेपक टाकरा की स्थापना पहले बरेली कॉलेज में की थी। इसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कैंट में सेपक टाकरा का संचालन शुरू हुआ। अब स्टेडियम में यूपी एसोसिएशन के साथ उत्तर प्रदेश खेल विभाग भी इसका संचालन करेगा। जिसमें अधिक सहयोग स्पोर्ट्स स्टेडियम का रहेगा। कोच राम कुमार खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक आनंद ने खेल को संचालित किया। महासचिव सुमिल एस सीरिया समेत अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।


स्पोर्ट्स स्टेडियम में सेपक टाकरा खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# सर्वर डाउन होने से परेशान हुए नेट अभ्यर्थी

**बरेली, अमृत विचार :** यूजीसी नेट की परीक्षा के दूसरे दिन सर्वर डाउन होने से अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। छात्रों ने कक्ष निरीक्षक से शिकायत की तो काफी प्रयासों के बाद सिस्टम फिर से सुचारू हो सका।

बरेली में नैनीताल रोड पर यूजीसी नेट का एक इंस्टीट्यूट में केंद्र बनाया गया है। परीक्षा कंप्यूटर आधारित हो रही है। शुक्रवार सुबह प्रथम पाली में 9 से 12 के बीच कॉमर्स यूजीसी नेट की ऑनलाइन परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान एग्जामिनेशन सर्वर डाउन होने से छात्र परेशान हो गए। अभ्यर्थी फैज मोहम्मद और विशाल दिवाकर ने बताया कि अचानक से सर्वर डाउन हो गया है। इस दौरान मौजूद परीक्षक ने सिस्टम को कोडिंग के जरिए बंद कर करीब 10 मिनट बाद चालू किया। इसके कुछ देर बाद फिर सिस्टम बंद हो गया। ऐसा 6 से 7 बार हुआ। वह इसकी शिकायत शिक्षा मंत्रालय से करेंगे।

# एमबीबीएस चुनौती मूल्यांकन के फार्म 30 जून से भरे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस के चुनौती मूल्यांकन के फार्म भरने की तिथि तय कर दी है।

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एमबीबीएस तृतीय प्रोफेशनल भाग-2 की मुख्य परीक्षा 2024 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट विद्यार्थियों को 30 जून से 7 जुलाई तक चुनौती मूल्यांकन के लिए फार्म भरने होंगे। चुनौती मूल्यांकन के प्रथम चरण के तहत प्रति प्रश्नपत्र 300 रुपये ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। आवेदन के बाद परीक्षार्थी को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की स्कैन्ड कॉपी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद भी मूल्यांकन के असंतुष्ट होने पर दूसरे के चरण के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### बीएससी और एमएससी कृषि के परीक्षा फार्म 30 से भरें

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएससी कृषि सम सेमेस्टर की परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी कृषि एवं कृषि ऑनर्स द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम और अष्टम सेमेस्टर और एमएससी कृषि द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर 2025 के संस्थागत, भूतपूर्व और बैक परीक्षा के फार्म 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थियों को 12 जुलाई तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

# भागवत कथा के बाद भंडारे का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर में श्री सोमनाथ मंदिर में शुक्रवार को आचार्य शंभू नाथ योगी ने श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया। इसके बाद हवन में सभी भक्तों ने आहुति दी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी महेश अग्रवाल, अमर सिंह, आशुतोष गोयल, भुवनेश अग्रवाल, यूजी रस्तोगी, रविंद्र शर्मा, अमित अरोरा, तृप्ति शुक्ला, आशीष अग्रवाल, योगेश गिरी गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# गेट, जीपेट और नाइपर जेईई में 30 विद्यार्थी हुए सफल

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के 30 विद्यार्थियों ने जीपेट, गेट एक्सेल और नाइपर जेईई की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इनमें 15 विद्यार्थियों ने जीपेट, छह ने गेट और नौ ने नाइपर जेईई में सफलता प्राप्त की।

2021 से 2025 बैच की मानसी खंडेलवाल, नित्या मिश्रा, मान्ता पाल, गुफरान आलम, मेहुल जैन, निर्देश कुमार सिंह, सन्नी कुमार, ऋषभ प्रजापति, सैफ, शिवम पाठक, आदर्श चौबे, मयंक कुमार, शुभम सिंह, नितेश जायसवाल, दीपक शर्मा ने जीपेट परीक्षा पास की। इसी बैच की ही मानसी खंडेलवाल, दीपक शर्मा, शुभम सिंह, आयुष कुमार मिश्रा, संदीप दिवाकर और गुलशन कुमार भारती ने गेट और मानसी खंडेलवाल, नित्या मिश्रा, ऋषभ प्रजापति, निर्देश कुमार सिंह, सन्नी कुमार, मेहुल जैन, मयंक कुमार सिंह, आयुष कुमार मिश्रा और दीपक शर्मा ने नाइपर जेईई की परीक्षा पास की।

कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. केके माहेश्वरी सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# एजुकेटर भर्ती में वसूली का आरोप, कमिश्नर से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चयनित अभ्यर्थियों की सूची में कई की पर्सेंटेज बढ़ाकर दर्शाई गई, दोबारा भर्ती कराने की मांग

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की एसीसीई एजुकेटरों के पदों पर हुई भर्ती में बड़े स्तर पर गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत की गई है। अभ्यर्थियों ने 50 हजार से एक लाख रुपये तक वसूली करने का शक जताते हुए भर्ती दोबारा कराने की मांग की है। तीन दिन से अभ्यर्थी लगातार गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए शिकायतें कर रहे हैं।

अभ्यर्थियों ने कमिश्नर कार्यालय में शिकायत कर आरोप लगाया कि शासन के आदेश के अनुसार चयन मेरिट के आधार पर होना था। सभी अभ्यर्थियों ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन लखनऊ में कराया। चयनित लोगों की एक सूची जारी हुई, जिसमें किसी के अंकों का कोई जिक्र नहीं था। इसके बाद गोपनीय तरीके से ज्वाइनिंग लेटर बांटे जाने लगे। जब बुधवार को आवाज उठाई तो हाल में जारी एक मेरिट सूची दिखाई गई, जिसमें विभाग के अधिकारी के हस्ताक्षर तक नहीं है। अभ्यर्थियों का दावा है कि इस सूची में कई नाम ऐसे शामिल हैं जिनमें किसी के नंबर कम और टोटल पर्सेंटेज तीन गुना तक बढ़ाकर लिखी गई है। इस तरह की गड़बड़ी कर पात्रों को नौकरी से वंचित कर अपात्रों को नौकरी देने का घोटाला जारी है। इसके विरोध में बीएसए, सीडीओ और डीएम को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है।

अभ्यर्थी कीर्ति गंगवार ने कहा हमारी बस यही मांग है कि जितने लोगों ने आवेदन किया उनकी सूची कैटेगरी के अनुसार जारी कर चयन किया जाए अन्यथा भर्ती रद्द की जाए। इस दौरान विजय लक्ष्मी, सुनीता देवी, विमलेश, लक्ष्मी, गीता, शिवानी आदि उपस्थित रहे।


एजुकेटर भर्ती का विरोध जतातीं अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

> एजुकेटर भर्ती मामले में जांच की जा रही है। कोई भी गड़बड़ी होगी तो सामने जरूर आएगी।
> –संजय सिंह, बीएसए

### काउंसिलिंग से पहले बुलवाया था लखनऊ मांगे 1.20 लाख रुपये

एक अभ्यर्थी ने बताया कि जब उसने सेवायोजन पोर्टल पर ईसीसीई एजुकेटर के लिए फार्म भरा तो उसके फोन पर 16 मई को फोन आया, जिस पर उन्हें 17 और 18 मई को लखनऊ के गोमतीनगर के एक दफ्तर में बुलाकर एक लाख 20 हजार रुपये कंपनी की ओर से मांगे गए, लेकिन कुछ अभ्यर्थियों ने दक्षता होने के कारण मना कर दिया। जिसके बाद उन्हें जीआईसी में हुए इंटरव्यू के लिए कॉल ही नहीं गई। जिसने पैसे समय पर दे दिए उसका चयन हो गया। वहीं जो अभ्यर्थी पैसे नहीं दे सका उन्हें धक्के खाने पड़ रहे हैं। एक अन्य अभ्यर्थी ने बताया 17 मई को उसी नंबर से फोन आया और लखनऊ बुलवाया गया। लखनऊ गई तो वहां 50 हजार रुपये मांगे गए। एक अन्य महिला अभ्यर्थी ने बताया उससे भी पैसे मांगे गए लेकिन जब नहीं दिए तो जीआईसी में इंटरव्यू के लिए कॉल नहीं आया।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly | MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हत्या का आरोप

- ग्राम सनैया रानी में शुक्रवार की देर शाम घटना, ससुराली फरार
- सीओ द्वितीय, इंस्पेक्टर और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची

**सीबीगंज, अमृत विचारः** ग्राम सनैया रानी में शुक्रवार की देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के ससुराली फरार हैं। सूचना पर सीओ द्वितीय, इंस्पेक्टर सीबीगंज अभिषेक कुमार, फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सनैया रानी निवासी लक्ष्मी (24 ) पत्नी जितेन्द्र की शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर मृतका के पिता श्रीकृष्ण, भाई प्रमोद कुमार व मां मुन्नी देवी निवासी कलापुर, इज्जतनगर मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मृतका के भाई प्रमोद कुमार ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर इंस्पेक्टर सीबीगंज अभिषेक सिंह, फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर हर बिंदुओं पर जांच की। मृतका के एक पुत्र व एक पुत्री है। घटना के बाद मृतका के ससुराल वाले फरार हैं। इस इस मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सड़कों में गड्ढे, डीएम ने मरम्मत के दिए निर्देश

## जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में नगर निगम की खराब सड़कों का मुद्दा गूंजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी अति शीघ्र निस्तारण करने के दिये निर्देश



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक लेते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार की शाम आयोजित हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक में सड़कों और हाईवे पर हाई मास्ट लाइटें नहीं जलने के साथ गरीब लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर नहीं लगाए जाने आदि के मामले उद्यमियों ने उठाए। नगर निगम की ओर से हाल ही में बनाई गई सड़कों में गड्ढे होने की शिकायत भी की गई। बिजली अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाने का मामला भी उठा। उद्यमियों के मामलों को सुनकर जिलाधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में पाया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर यूपीसीडा के कई प्रकरण और बरेली विकास प्राधिकरण का एक प्रकरण लंबित है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और लंबित प्रकरणों का अतिशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में उद्यमियों ने अवगत कराया कि पिछली बैठक में गरीब लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाने के निर्देश दिये थे, लेकिन अभी तक कैम्प नहीं लगाए गये, जिस पर डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता कर विकास खंड स्तर पर कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था करें। फरीदपुर औद्योगिक आस्थान, परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान, सीबीगंज औद्योगिक आस्थान के कई उद्यमियों ने अवगत कराया कि नगर निगम ने कई सड़कें बनाई हैं, उन सड़कों पर गड्ढे हो गये हैं, आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि श्रावण माह प्रारंभ होने से पहले सड़कों की मरम्मत करा लें, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में समस्या न हो।

बैठक में फरीदपुर इंडस्ट्री के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने यूनिवर्सिटी चौराहे से फतेहगंज पूर्वी तक स्ट्रीट लाइट, चौराहे पर हाई मास्क लाइट, रोड के साइड पर रिफ्लेक्टर एवं कैमरे लगवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई को स्ट्रीट लाइट, चौराहों पर हाई मास्क लाइट एवं रिफ्लेक्टर लाइट लगवाने के निर्देश दिये।

बैठक में कई उद्यमियों ने बताया कि रात्रि में बिजली खराब होने पर विद्युत विभाग से सम्पर्क करते हैं तो फोन नहीं उठता है। इस पर जिलाधिकारी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक में मौजूद बिजली विभाग के अधिकारी को सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उद्यमियों में राजेश गुप्ता, मयूर धीरवानी, गुरप्रीत सिंह, पवन अरोड़ा आदि उद्यमी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


BIU · Admission Open · Session 2025-26 · BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi

- D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi

• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi

• D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942

Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management

• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)

Contact Details

For Registration online : www.biu.edu.in

Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404

biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com

biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus

Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

Faculty of Paramedical Sciences

Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Admission Open · Session 2025-26

Courses

- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

Courses

- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL

Courses

- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences

Courses

- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details

For Registration online : www.biu.edu.in

Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404

E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,

bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus

Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# पहले मोहर्रम पर शिया समुदाय में हुई मजलिस और मातम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कंघी टोला में इमामबाड़ा में मजलिस करते मौलाना।

- पहली मजलिस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में हुई

**अमृत विचारः** पहले मोहर्रम पर शुक्रवार को शिया समुदाय में मजलिस और मातम का दौर शुरू हो गया। पहली मजलिस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में सुबह 9 बजे हुई। उसके बाद हकीम आगा साहब गढ़ैया, इमामबाड़ा वसी हैदर गढ़ैया, इमामबाड़ा छिद्धि मुहम्मद कंघीटोला, इमामबाड़ा महबूब हुसैन कंघीटोला, दीवानखाना छीपीटोला, कबीर हसन छीपीटोला इमामबाड़ों में दिन की मजलिसें हुईं।

उसके बाद रात की मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में हुई। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि मौलानाओं ने मजलिस में हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के बहत्तर शहीदों का जिक्र किया। हजरत इमाम हुसैन का किरदार बयान किया और साथ ही कहा कि दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी जरूरी हैं।

इमाम ए जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने हकीम आगा साहब गढ़ैया में मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हमारे हिंदुस्तान में बड़ी शान से अजादारी होती है। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी हक राह पर थी। हम सबको उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। शानू काजमी ने बताया कि अली कॉलोनी लीचीबाग में जफर अब्बास रिजवी सैफी के मकान में मजलिस हुई।

अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने इमामबाड़ा महमूद हसन नकवी इंग्लिशगंज, किला कटघर में डॉक्टर असद जैदी, इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा, अली कालोनी लीचीबाग आदि में नौहख्वानी की। अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी ने गुलाम अब्बास गढ़ैया आदि इमामबाड़ों में और शमशीर ए हैदरी अंजुमन ने भी अलग-अलग इमामबाड़ों मे नौहाख्वानी की। पुराना शहर में भी अजादारी का दौर जारी रहा।

# इस्लाम का पैगाम न जुल्म सहो और न दूसरों पर जुल्म करो

**बरेली, अमृत विचारः** इमामबाड़ा इमाम ए असर अली कॉलोनी लीची बाग में करबला वालों की याद में शुक्रवार को मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस को जाकिर हाजी इबादत हुसैन नकवी ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया है कि इंसान न तो दूसरों पर जुल्म करे और न ही जुल्म सहे।

जालिम पर अल्लाह की लानत होती है। मीडिया प्रभारी सय्यद शुजा नकवी ने बताया कि दो महीने तक महिलाओं और पुरुषों में मजलिस मातम का दौर चलता रहेगा। इस दौरान नईम हैदर, तौसीफ, जरगाम, इक्तेदार, एहतिशाम, नदीम, समीर, अरबाज, हसन, अम्बर, मीर मोहम्मद ताहिर, अली हमजा आदि लोग मौजूद रहे।

# चरित्र पर शक में शराबी ने काटी पत्नी की नाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



घायल भारती अस्पताल में भर्ती।

- बेटियों ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती, तलाश शुरू

**अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर में देर रात एक शराबी पति ने पत्नी पर हमला कर उसकी नाक काट दी। पति पत्नी के चरित्र पर शक करता था। बेटियों ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संजयनगर निवासी भारती (35) ने बताया कि उसके पति ओमप्रकाश शराब पीने के आदी हैं और अक्सर मारपीट करते हैं। वह परेशान होकर करीब सात महीने पहले ओमप्रकाश से अलग संजयनगर में ही किराए के मकान में अपनी पांच बेटियों के साथ रहने लगी। आरोप है कि गुरुवार देर रात ओमप्रकाश अचानक आया और झगड़ा शुरू कर दिया। उसने धारदार हथियार से उसपर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी नाक कट गई। शोर-शराबा के बाद लोगों की भीड़ आती देख मौके से फरार हो गया। घायल हालत में बेटियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी पति पत्नी के चरित्र पर शक करता था। पुलिस ने आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है। क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता की तरफ से तहरीर ली जा रही है। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. अनीस बेग ने राहगीरों को बांटा शरबत



**बरेली, अमृत विचार** : सपा नेता डॉ. अनीस बेग की ओर से शुक्रवार को शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित कर राहगीरों को शरबत पिलाया। डॉ. अनीस ने संदेश दिया कि हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख और इसाई एक हैं और सभी को मिलजुल कर प्यार मोहब्बत के साथ रहना चाहिए। एक दूसरे के काम आना चाहिए। इस मौके पर डॉ. शाहवेज, डॉ. आसिफ, डॉ. चांद मोहम्मद, डॉ. अंसार अंसारी, डॉ. शाहिद नियाजी, डॉ. जीएम राजा, डॉ. नायब अली अंसारी, डॉ. अख्तर अंसारी, डॉ. मोहम्मद आलम, डॉ. एआर अंसारी आदि लोगों का सहयोग रहा।

# हिंदू युवा वाहिनी ने घूसखोरी का आरोप लगाया



**बरेली, अमृत विचार** : हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कर्मचारियों पर छात्रों से अवैध रूप से पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा। संगठन के जिला कोषाध्यक्ष शिवांश ठाकुर का आरोप है कि जो छात्र रुपये नहीं दे पाते हैं, उन्हें जानबूझकर कम अंक दिए जाते हैं। यह आर्थिक रूप से कमजोर और मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की है कि इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई कराकर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर शिव प्रताप, अभिषेक कश्यप, रोहित कश्यप समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उद्यमियों की सोच, राष्ट्र को शिखर पर पहुंचाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक में बोले व्यापारी



उप्र उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 ओपी तिवारी।

**अमृत विचारः** देश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है और उसमें सबसे बड़ा योगदान जीएसटी का है। बरेली भी उत्तर प्रदेश का उत्तम राजस्व देने वाला मंडल है। राज्य कर विभाग व्यापारियों की सेवा के लिए निरंतर कार्यरत है। ये बातें शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक में जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 ओपी तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि उनके बरेली आगमन पर सभी अधिकारियों ने बताया कि व्यापार मंडल की भूमिका सदैव सकारात्मक रहती है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश के व्यापारियों और उद्यमियों की सोच सदैव राष्ट्र और प्रदेश को शिखर पर पहुंचाने की रहती है। व्यापारी सुबह जल्दी अपना कार्य प्रारंभ कर देता है और देर रात तक व्यापारिक गतिविधियों में लीन रहता है। इसके पीछे उसकी सोच केवल उसके लाभ की ही नहीं होती है अपितु वह अपने कारोबार के माध्यम से अपने कर्मचारियों के लिए भी रोजगार का सृजन करता है। साथ ही साथ सभी सामाजिक सरोकारों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाता है। दान और चंदे के माध्यम से धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक चेतना को भी जीवित रखने का कार्य करता है।

डिप्टी कमिश्नर बृजेश ने कहा कि अब छोटे व्यापारियों को भी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपने आप को अपडेट कर लेना चाहिए। छोटे व्यापारियों को पंजीकरण करा लेना चाहिए और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को प्रयास करना चाहिए कि अपने व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग करके प्रतिस्पर्धा में बने भी रहें।

महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने लंबित वेट के मामलों में व्यापारियों को हो रही परेशानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वैट के समय में क्योंकि इनपुट क्रेडिट की कोई व्यवस्था नहीं थी और न ही जीएसटी की तरह पोर्टल था। उस समय बिलों का फर्जीवाड़ा चरम पर था जिसका खामियाजा इमानदार व्यापारी आज तक भुगत रहा है। विशिष्ट आमंत्रित अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी वैसे तो बहुत अच्छी कर प्रणाली है लेकिन अब भी इसमें बहुत सारी विसंगतियां हैं जिनके कारण व्यापारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से जूझना पड़ता है। अभी न तो ट्रिब्यूनल की व्यवस्था है और हाईकोर्ट जाने की स्थिति हर व्यापारी की होती नहीं है। बैठक में महानगर कोषाध्यक्ष संजीव चांदना, अरविंद खंडेलवाल, राकेश अग्रवाल, दर्शन लाल भाटिया, दुर्गेश खटवानी, आशुतोष गोयल, दिलीप गुप्ता, ईशान गुप्ता ,रचित गुप्ता, गिरधर देवनानी, प्रदीप राजानी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगी श्रीराम कथा

**शेरगढ़, अमृत विचार :** श्रीराधा कृष्ण मंदिर पर सात दिवसीय श्रीराम कथा शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल ने बताया शनिवार को कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू होगी और समापन पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### कार की टक्कर से दो महिलाएं घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** हाईवे पार कर रहीं दो महिलाओं को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर घायल हो गईं। राहगीरों ने उन्हें एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। राधा कृष्ण मंदिर के सामने बैथम गांव निवासी रामादेवी बेटे की शादी के लिए लड़की देखने रिश्तेदारी के साथ आई थीं। रोड पार करते समय बरेली से रामपुर की ओर जाती तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे रामादेवी, पुष्पा देवी दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गंभीर घायल महिला को एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया। टक्कर मारकर भाग रहीं कार को पुलिस ने पकड़कर थाना परिसर में खड़ा करा लिया।

### फंदा लगाकर किशोरी ने की खुदकुशी

**फरीदपुर अमृत विचार :** एक किशोरी ने घर में ही फंदा लगाकर की खुदकुशी कर रली। शुक्रवार सुबह 7:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बीसलपुर रोड स्थित राणा कॉलोनी निवासी सोनी (15) पुत्री महेश राठौर ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**फरीदपुर, अमृत विचार :** गुरुवार देर रात ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

### बच्ची के साथ विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शीशगढ़, अमृत विचार :** दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने छह माह की बच्ची के साथ विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। साजमीन निवासी ग्राम तिगड़ी ने बताया एक साल पहले उसका निकाह शानू निवासी ग्राम खैर खाते मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद के साथ हुआ था। निकाह में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले खुश नहीं थे। जो मायके से चार पहिया गाड़ी लाने का दबाव बनाते थे इंकार करने पर प्रताड़ित करते थे। एक माह पहले माह की बेटी के साथ उसे पीटकर घर से निकाल दिया।

### देवरनियां में सांड़ की भाला मारकर हत्या

**देवरनियां, अमृत विचार :** गांव उदरा में शुक्रवार सुबह 6:30 बजे सांड़ को किसी ने भाला मारकर घायल कर दिया। खून से लथपथ सांड़ गांव से करीब एक किलोमीटर दूर तक दौड़ता रहा। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने डॉक्टर को सूचना देकर बुलाया। इलाज के दौरान सांड़ ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सांड़ के शव को जेसीबी मंगाकर अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान ग्राम प्रधान विनोद गंगवार, कोतवाल आशुतोष द्विवेदी, हलका इंचार्ज राहुल चौधरी, कांस्टेबल सचिन यादव, सत्येंद्र भाटी, मोहित गंगवार आदि रहे।

### ट्रैक्टर से कुचल कर महिला की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव परतापुर निवासी कुंती (45) पत्नी पीतम लाल शुक्रवार शाम को मिर्जापुर बाजार पैदल जा रही थीं। रास्ते में फिदाई पुर निवासी ट्रैक्टर चालक मिर्जापुर की तरफ जा रहा था। महिला ने ट्रैक्टर को रुकवा लिया और वह बाजार जाने को ट्रैक्टर पर बैठ गईं। कुछ दूरी जाने पर महिला ट्रैक्टर से गिरकर टायर के नीचे आ गई। ट्रैक्टर का टायर ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# सेना के जवान के घर चोरों का धावा

## दरवाजे का कुंडा काटकर मकान को खंगाला, नकदी और जेवर ले गए चोर

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** आर्मी के जवान के बंद घर में गुरुवार रात चोरों ने धावा बोलकर नकदी-जेवर समेत अन्य महंगी सामान चुरा ले गए। जवान की पत्नी ने तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला ठाकुरद्वारा बसंत विहार निवासी मीना कुमारी ने बताया में मायके गई थी, मेरे पति सेना में बतौर सिपाही ड्यूटी कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह वह भी घर पहुंचे है मेरी नंद चार दिन पहले गांव चली गई थी, घर में ताला बंद था। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर बताया आपके मकान का मेन गेट का ताला टुटा हैं। मैंने घर आकर देखा तो मेन गेट के साथ ही कमरे का ताला भी टूटा था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया हैं। एसएसआई विश्व देव सिंह ने बताया की चौकी प्रभारी घटना की जांच कर रहे हैं।

## राइस मिल में हुई लूट के मामले में तीन दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**देवरनियां, अमृत विचार :** आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने रिछा के एक राइस मिल में धावा बोलकर चौकीदार को बंधक बनाकर बुधवार रात को लाखों रुपये का समान लूट ले गए थे। राइस मिल संचालक ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाने पहुंचे व्यापारियों ने पुलिस से मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की। वहीं थाना प्रभारी का कहना है मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही खुलासा किया जाएगा। जेएस एग्रो राइस इंडस्ट्रीज के मालिक हसीन ने बताया बदमाश मिल में लगे ट्रांसफार्मर से तेल, कॉपर वायर, कम्प्रेशर और कई मोटर के अलावा अन्य कीमती समान खोलकर ले गए। उन्होंने बताया बदमाश पिकअप से आए थे, उसी में सामान लादकर ले गए। लूट की वारदात के तीन बाद भी पुलिस अभी खाली हाथ है। वहीं मिल मालिक ने आरोप लगाया पुलिस ने लूट की तहरीर को चोरी में बदलकर रिपोर्ट, लिखी इसके बाद भी पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी।



थाना प्रभारी से शिकायत करने पहुंचे राइस मिल संचालक। ● अमृत विचार

**थाना प्रभारी से मिले व्यापारी:** नवनिर्मित राइस मिल में हुई लूट की वारदात की जल्द खुलासे की मांग रिछा राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी ने पुलिस से मिलकर उठाई। कोतवाली में व्यापारियों के साथ हुई बैठक में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष ने जेएस इंडस्ट्रीज में हुई लूट की वारदात के जल्द खुलासे की मांग की। थाना प्रभारी ने जल्द खुलासा का भरोसा दिया गया है। बैठक में रिछा राइस मिलर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नदीम गुड्डू, हाजी अलीम और सचिव कफील अहमद, उपाध्यक्ष नदीम अहमद गुड्डू, हाजी अलीम अहमद, सचिव कफील अहमद समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## पंचायत के दौरान चले लाठी-डंडे तीन लोग घायल

**रिठौरा, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में दो पक्षों में सुलह के लिए हो रही पंचायत के दौरान शुक्रवार उस समय बात बिगड़ गई जब दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रिठौरा में बरेली -पीलीभीत हाईवे किनारे तीन दर्जन से अधिक पुरानी बाइकों की सेल लगती हैं।

बुधवार को आशिक सेल वाले अपनी सेल के सामने पानी छिड़क रहे थे। इसी दौरान मोहल्ला इंद्रपुरी का शादाब उधर से निकल रहा था। उसके ऊपर पानी के छींटे पड़ गए। जिससे दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद कुछ लोगों ने सेल स्वामी आसिफ को ही धुन दिया। लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं हुई। उसी बात को लेकर शुक्रवार को दोपहर बाद समतझौता कराने को पंचायत रखी गई। इसी दौरान बात बिगड़ गई और जमकर लाठी -डंडे चले, मारपीट में तीन लोग घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### कुरैशी क्लब को हराकर सैदपुर बना विजेता



**अलीगंज, अमृत विचार :** अलीगंज क्षेत्र में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सैदपुर की टीम विजेता बनी, जिसे डॉ. जीराज यादव ने 21,000 नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता अलीगंज कुरैशी क्लब को 11,000 नकद और ट्रॉफी दी गई। वहीं बेस्ट बल्लेबाज अजय कुमार और बेस्ट बॉलर कल्लू को शारिक कुरैशी ने ट्रॉफी और 1,000 का इनाम दिया। समारोह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. जीराज सिंह यादव मनु गुप्ता, शारिक कुरैशी, अजय गुप्ता, कलीम खान, शाहिद खान, मतलूब अली और वसीम खान उपस्थित रहे।

### मृत शिक्षामित्र के परिजनों को दी 50 लाख की सहायता



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** सड़क हादसे में नौ माह पहले शिक्षामित्र पंकज कुमारी की मौत के मामले में टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शुक्रवार को 50 लाख रुपये का सहयोग उनके परिजनों को दिया। परिजनों ने टीम का आभार प्रकट किया। टीचर सेल्फ केयर टीम के ब्लॉक संयोजक अरुण सिंह तोमर ने बताया कि शिक्षामित्र पंकज कुमारी टीचर सेल्फ केयर टीम की सदस्य थी, जिनकी आकस्मिक मौत की खबर जब टीचर सेल्फ केयर टीम के उच्च अधिकारियों को दी गई तो उसके बाद उनका सहयोग चालू किया गया जो शुक्रवार पूर्ण हो गया। शिक्षामित्र के परिजनों ने बताया शुक्रवार तक उनके खाते में लगभग 50 लाख रुपये का सहयोग हो चुका है। ब्लॉक संयोजक अरुण सिंह तोमर ने बताया की टीचरों के हितों के लिए हमेशा टीचर सेल्फ केयर टीम अग्रणी रहती है। पंकज कुमारी के सहयोग करने वालों में टीचर सेल्फ टीम के सदस्यों में प्रमुख रूप से अरुण सिंह तोमर के अलावा नुजरत खान, कुसुम देवी, कन्यावती, अर्पणा शर्मा, कामरान खान, शुभम सक्सेना, मनोज मिश्रा, सुनील शुक्ला, संदीप शुक्ला, अतुल यादव, भूप सिंह, आदि लोग थे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत करें पौधरोपण

**भदपुरा, अमृत विचार :** शशी कपूर जिला प्रतिनिधि भाजपा ने ब्लॉक के शक्ति केंद्र सुंदरी एवं जासपुर के बूथ अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 29 को होने वाले मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम की बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही लोगों को बताया एक पेड़ मां के नाम के तहत 10 पेड़ प्रत्येक बूथ पर लगाने है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक अनुज गंगवार, सतेन्द्र गंगवार, वृंदावन गंगवार, बूथ अध्यक्ष श्रीराम, अर्जुन सिंह, श्याम बिहारी लाल, प्रेमपाल छवि राम समेत अन्य मौजूद रहे।

### बिलपुर रेलवे फाटक बंद रहने से परेशानी

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** दातागंज मार्ग पर बिलपुर रेलवे फाटक नंबर 344 ए पर रेलवे की ओर से शुक्रवार को वीसीएन मशीन से ट्रैक मेंटीनेंस का कार्य शुरू किया गया। जिस वजह से रेलवे क्रॉसिंग पूरे दिन बंद रही। इस वजह से वाहन निवड़िया रेलवे क्रॉसिंग बहगुल नदी के पुल के नीचे एवं टिसुआ होकर निकाले गए। पैदल आने जाने वालों एवं साइकिल सवार यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं लोगों को जानकारी न होने की वजह से रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत कार्य 3 जुलाई तक होगा। जिसकी वजह से बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग छह दिनों तक पूर्णता बंद रहेगी। इधर यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए थाना प्रभारी संतोष सिंह भी लगातार रेलवे फाटक पर बने रहे।

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इंस्टाग्राम पर उनके संगठन और हिंदुओं को गाली देकर अपमानित करने के आरोप में शुक्रवार को कैंट थाने में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना किला क्षेत्र के 27 छावनी निवासी गौरक्षक और बरेली के बजरंग दल प्रमुख आशीष शर्मा ने बताया 25 जून को इंस्टाग्राम पर बजरंग दल के कार्यकर्ता पवन पंडित और विशाल सक्सेना ने एक पोस्ट अपलोड की थी। जिसके बाद उसी पोस्ट पर कैंट के गांव कांधरपुर मठिया मंदिर के पास रहने वाले गुरविंदर जाट और दिव्यांश कुर्मी ने अभद्र कमेंट किए। इससे उनके संगठन समेत हिंदुओं को गहरा आघात लगा है। गुरुवार को बजरंग दल के महानगर संयोजक केवलानंद गौड़, पवन पंडित, विशाल सक्सेना, जिला प्रमुख आशीष शर्मा के साथ थाने पहुंचे, और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने पहुंचे 450 लोग



**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव लाड़पुर उस्मान पुर में शुक्रवार को फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. परवेज मुशर्रफ, डॉ. अजय कुमार, डॉ. गुलाफाम अली, डॉ. बुशरा फुरकान अंसारी, डॉ. रिजवान ने परीक्षण के साथ ही परामर्श के साथ दवाएं दी। शिविर में 450 लोगों ने पंजीकरण कराके स्वास्थ्य परीक्षण कराया। डॉ. अजय कुमार ने बताया बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

# खपरैल की छत गिरने से दबकर पांच घायल

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** बारिश की वजह से गुरुवार रात एक परिवार के ऊपर कच्चे मकान की खपरैल गिर गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए। गोरा लोकनाथपुर में ओमप्रकाश जाटव का मकान है।

गुरुवार रात परिवार के साथ वह खपरैल और सीमेंट की चादरों के कमरों में सो रहे थे। रात में दीवार के साथ खपरैल और सीमेंट की चादरें उन लोगों पर पर गिर गईं। जिसमें सभी लोग मलबे में दब गए। इसके साथ ही गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। आवाज होने पर आसपास के लोगों ने मलबे से लोगों को बाहर निकाला। हादसे में नत्थूलाल, गनेशी देवी, समीक्षा, अनुराधा एवं धीरेंद्र सिंह घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को इलाज कराया। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौधरी ने बताया रात में 11.00 बजे खपरैल का मकान गिर गया था, जिसमें परिवार के लोग घायल हो गए।



खपरैल की छत गिरने से घायल हुए परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

# धूमधाम से निकाली जगन्नाथ की रथयात्रा



भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से कस्बे में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा यात्रा निकाली गयी। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

रथयात्रा का आरंभ कस्बे के पक्का कटरा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर से हुआ। जो कि भुर्जी टोला, स्टेट बैंक चौराहा, सरगम रिसॉर्ट तिराहा, महाराजपुरम कॉलौनी होते हुए ठाकुरद्वारा मंदिर पर संपन्न हुई।



शोभायात्रा में सजी झांकी। ● अमृत विचार

भक्त रथयात्रा के आगे आगे सफाई करते हुए और कुछ नाचते गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान राधा सखी मंडल की अध्यक्षा शोभना अग्रवाल, गोपाल ऋषि अग्रवाल, नीटू खंडेलवाल, भीम पंडित, गोपाल अग्रवाल, हेमंत खंडेलवाल, विनीत शर्मा, राधा कृष्ण माहेश्वरी, रामवीर प्रजापति, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, समेत समस्त हिंदु संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगरवासी शामिल रहे।

# गंगापुर पहुंचे कांग्रेसी और बसपाई

संवाददाता, नवाबगंज

- बिना परमिशन के लगाई गई बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित करने का मामला
- पूरे दिन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मामले को सुलझाने में जुटे रहे

**अमृत विचार:** गंगापुर गांव में बिना परमिशन के लगाई गई बाबा साहेब भीमराव की प्रतिमा खंडित किए जाने के मामले दूसरे दिन माहौल तनावपूर्ण है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात है। वहीं कांग्रेस और बसपा नेताओं गांव पहुंचकर पूरी जानकारी ली। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

14 अप्रैल 2025 को आंबेडकर जयंती मनाने के दौरान जाटव समाज की ओर से लगाई फ्लैक्सी से विवाद शुरू हुआ। इसके बाद 27 मई 2025 को उसी रात एक पक्ष की ओर से प्रतिमा बिना परमिशन के लगा दी गई। जिसकी शिकायत पर लेखपाल योगेश कुमार ने प्रतिमा लगाने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुरुवार रात असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा खंडित कर दिया। इससे पहले बिजली का कनेक्शन काटने के साथ ही सीसीटीवी कैमरा तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सोलर ऊर्जा से चल रहे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। तोड़ फोड़ की आवाज पर जागे प्रतिमा लगाने वाले जागे और आरोपियों को दौड़ा दिया और अपने नेताओं को इसकी सूचना दी। जिस पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरु सिंह सागर रात में ही पहुंच गई। कुछ ही समय में मामला आग की तरह समूचे क्षेत्र में पहुंच गया। एसडीएम उदित पवार और तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह के साथ ही सीओ गौरव सिंह, कोतवाल राहुल सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले को सुलझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन मामला अभी शांत नहीं हुआ है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की प्रतिमा खंडित करने की निंदा

खुराफाती द्वारा गंगापुर में बाबा साहेब की प्रतिमा तोड़े से हुए विवाद के बाद शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिर्जा असफाक सकलैनी पहुंचे उन्होंने ग्रामीणों से पूरी जानकारी के बाद घटना की निंदा की। इसके बाद साथ बसपा नेता बुद्धसेन गौतम, केसर गौतम और पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सिंह सागर आदि ने घटना की निन्दा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर राष्ट्र जागरण व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने भी ग्राम में पहुंचने की घोषणा की, लेकिन प्रशासन की चेतावनी के बाद कार्यक्रम निरस्त कर दिया।

# प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में कई संदिग्धों को पुलिस ने उठाया

- संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस, फरार आरोपियों की तलाश

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र के गंगापुर गांव स्थित ब्रह्म देव स्थल पर लगाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर में बुधवार की देर रात आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। इस पर जमकर बवाल हुआ था। पथराव और हंगामे के चलते नवाबगंज इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया था। गांव के ही निवासी ताराचन्द की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आधा दर्जन के करीब संदिग्धों और नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस बीच पुलिस की कार्रवाई तेज होते ही आधा से ज्यादा आरोपी गांव छोड़कर फरार हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। गांव में तनाव बना हुआ है। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने अभी भी गांव में डेरा डाल रखा है। नबावगंज थाना प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ढाबे के पास मिला वृद्ध का शव

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे में एक ढाबे के पास सड़क के किनारे एक वृद्ध का शव मिला। परिजनों ने करंट से मौत होने की बात कहकर कार्रवाई से मना कर दिया। डिग्री कॉलेज तिराहे पर स्थित ढाबे के पास सड़क के किनारे एक व्यक्ति मृत पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आंवला के गांव भीमपुर निवासी रन सिंह (60) के रुप में हुई है।

# युवक की खुदकुशी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** अवैध संबंध में दंपती से मिल रही लगातार धमकी से परेशान होकर युवक की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया, वहीं उसके पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही हैं।

गांव भूड़ मड़ौली निवासी जीराज के गांव की एक महिला से अवैध संबंध थे। महिला के पति मूलचंद्र के देखे जाने पर महिला और उसका पति ब्लैकमेल करके रुपये ऐंठने लगे। जब उसने पैसे देने से मना कर दिया आरोपी महिला ने एक साल पहले छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक माह से महिला और उसका पति दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक जिससे जीराज परेशान था, इस वजह से उसने 15 दिन पहले रात में छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी शिकायत पर पुलिस ने महिला और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बल्लियां मोड से महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### आईआईए ने सूक्ष्म और लघु उद्योग पर किया मंथन

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर की चेयरमैन मयूर धीरवानी की अध्यक्षता में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) पर बैठक निजी होटल में हुई। मयूर धीरवानी ने बैठक में अधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया। बैठक का संचालन चैप्टर सचिव रजत मेहरोत्रा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि उपायुक्त उद्योग विकास यादव रहे। इस दौरान एमएसएमई दिवस के उपलक्ष्य पर जुड़े मुद्दों और इंडस्ट्रीज से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सलिल बंसल, डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, सुरेश सुन्दरानी, तनुज भसीन, सतीश अग्रवाल, मनोज पंजाबी, आशीष गुप्ता, अशोक मित्तल, धनंजय विक्रम सिंह, निशांत अग्रवाल, सुनीत मूना, जितेन्द्र सिंह, शार्दुल शंखधार, अतुल समेत करीब 30 उद्यमियों ने भाग लिया।

# मॉक संसद से दी आपातकाल को आवाज



मॉक संसद के दौरान मंच पर उपस्थित वित्तमंत्री सुरेश खन्ना समेत अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार


संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** भारतीय लोकतंत्र पर लगे काले धब्बे 1975 के आपातकाल को याद करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बुधवार को एक मॉक संसद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें युवाओं को लोकतंत्र के हनन के बारे में बताया गया।

मॉक संसद में मंडल के चारों जिलों से आए 250 युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 90 युवाओं को मॉक संसद में भाग लेने का अवसर मिला। हर प्रतिभागी को 90 सेकंड में आपातकाल के खिलाफ अपने विचार संसद की शैली में प्रस्तुत करने थे। सांसद छत्रपाल गंगवार ने स्पीकर की भूमिका निभाई और भाजपा जिला प्रभारी देवेंद्र चौधरी डिप्टी स्पीकर रहे।

**चार सत्र में हुआ कार्यक्रम:** मॉक संसद को चार सत्रों में आयोजित किया गया, पहले सत्र में रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी ने कैसे संसद की कार्रवाई होगी यह बताया, बाकी सत्रों में प्रतिभागियों अपने-अपने विचार रखे। लास्ट में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जज के रूप में जगतपाल सिंह चौहान और गोविंद दीक्षित रहे। अंत में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्य अतिथि और युवाओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहने का संदेश दिया। विधायक श्याम बिहारी लाल भी मंच पर मौजूद रहे अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आपातकाल के दौर में लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानी श्री वीरेंद्र अटल जी सहित अन्य वरिष्ठजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना देवेंद्र चौधरी, अधीर सक्सेना, आदेश प्रताप, सोमपाल शर्मा, रश्मि पटेल, अनिल एडवोकेट, सौरभ भूषण, रुद्र लक्ष्मीकांत, अमन सक्सेना महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, मुकेश राजपूत, राजू उपाध्याय समेत अन्य मौजूद रहे। संसद सत्र में भाग लेने वाली लवी सिंह, राधे गुर्जर, शुभंकर प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे।


## गुमशुदा



सभी को सूचित किया जाता है कि विपत गिरि गोस्वामी 60 वर्ष पुत्र बाबू गिरि गोस्वामी निवासी मोहल्ला पठान दो, पलियाकलां, खीरी, उ.प्र. दिनांक 31.01.2012 प्रातः 08:00 बजे घर से कहीं निकलकर गुमशुदा हो गये हैं। उनका कद 5 फिट 7 इंच रंग सांवला है और सीधे हाथ में फालिज का असर है। सूचनार्थ- राजेश गिरि गोस्वामी पुत्र विपत गिरि गोस्वामी मो. 8737098951

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

मैं अरुण कुमार रस्तोगी पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दयाल रस्तोगी निवासी मोहल्ला बहादुर नगर थाना कोतवाली जिला खीरी अपने पुत्र प्रिंस रस्तोगी उर्फ गोलू व उसकी पत्नी दीपिका रस्तोगी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदाई होंगे।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रिंकू उर्फ सतेन्द्र सिंह को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **विजयपाल सिंह पुत्र श्री मुंशी सिंह निवासी ग्रा. ओंघ तह. मीरगंज, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे मौके पर आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया था। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग जिंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमजोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ट ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।


अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैंतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष मं जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

## सोशल फोरम

# शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# उत्तराखंड में पंचायत चुनावों से रोक हटी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने शुक्रवार को राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटा दी।

पीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग को पूर्व में जारी चुनाव कार्यक्रम को तीन दिन आगे बढ़ाते हुए प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाए मुद्दों पर तीन सप्ताह में सरकार से जवाब मांगा है। खंडपीठ ने यह भी कहा कि अगर किसी प्रत्याशी को इसमें आपत्ति है तो वह कोर्ट में अपना पक्ष रख सकता है। खंडपीठ में 19 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने सरकार का पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं की ओर से सरकार द्वारा तय किए गए आरक्षण को गलत ठहराने के लिए कई दलीलें पेश की गईं।

कहा गया कि कई सीटों का आरक्षण गलत किया गया है। आरक्षण में पुनरावृत्ति की गई है। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि आरक्षण तय करने में संविधान और कानूनी प्रावधानों का अनुपालन किया गया है। महाधिवक्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद हाईकोर्ट को चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है।

## 50 जिलों में आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी प्रदेश में धीमी बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी।

### दर्शन करने वालों में केंद्रीय मंत्री, राज्यों के गवर्नर व मुख्यमंत्री समेत करीब साढ़े चार लाख वीआईपी शामिल

# अब तक 5.5 करोड़ भक्त कर चुके रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर निर्माण में रामलला के विराजमान होने के बाद अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री व राज्यों के गवर्नर या मुख्यमंत्री समेत करीब साढ़े चार लाख वीआईपी शामिल हैं। फिल्म, व्यापार व खेल जगत की हस्तियों ने भी दर्शन-पूजन किया है।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। देश के लगभग सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री यहां पहुंच चुके हैं। यही नहीं कई राज्यपाल तो दो-दो बार आकर परिवार के साथ दर्शन कर चुके हैं।

मंडलायुक्त ने कहा कि अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाये। उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद देश-दुनिया मे अयोध्या एक बड़ी धार्मिक नगरी के रूप में उभरी है। अयोध्या के सफर को आसान बनाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट से कनेक्टिविटी को सुलभ बनाया गया है।



### रामलला के दर्शन कर भाव-विभोर हुआ अमेरिकन दल

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अमेरिका से भारतीय प्रवासी एक ही परिवार के 20 सदस्यों का दल शुक्रवार को अयोध्या पहुंचा। सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग एवं संगीत भवन लखनऊ के संयोजन में सभी सदस्यों का अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। दल में शामिल 10 बालिकाओं ने अयोध्या शोध संस्थान के ऑडीटोरियम में लघु रामायण की प्रस्तुति दी। संस्थान के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जब हमें सूचना मिली कि अमेरिका से एक परिवार आया है, जो श्रीराम से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करता रहा है, तो हमने उनका अभिनंदन किया है। अमेरिकी डेलिगेशन में शामिल टेक्सास निवासी योगेश टिपरेवाल ने बताया कि पूरा कार्यक्रम तीन भाग में प्रस्तुत किया गया। पहले चरण में एक श्लोक रामायण की प्रस्तुति की गई। दूसरे भाग में लघु रामायण की प्रस्तुति की गई। इसमें रामायण के प्रमुख प्रसंगों को दर्शाया गया। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा से हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ, अमृत विचार :** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

# कटरा हाईवे पर 7 लोगों को टैंकर ने रौंदा, तीन की मौत

### कैंची धाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे कार व बाइक सवार युवक

कार्यालय संवाददाता, कटरा (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार से बाइक टकरा जाने पर हाईवे किनारे बहस कर रहे सात लोगों को टैंकर ने कुचल दिया। घायलों को कटरा सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार लोगों को गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया। कार सवार नीम करोली बाबा का दर्शन करने (कैंचीधाम) नैनीताल जा रहे थे।



बाराबंकी जिले के कोतवाली के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी विवेक मिश्रा (35), बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के कुरीलगंज शांतिपुरम निवासी योगेश कुमार कुरील (45), बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के लकपड़ाबाद निवासी नरेंद्र चौधरी, बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के नाका निवासी महेश और बाराबंकी के थाना जैदपुर क्षेत्र निवासी शिव कुमार गुरुवार रात एक बजे कार से नैनीताल स्थित कैंचीधाम जा रहे थे। हाईवे पर फीलनगर गांव के सामने कार से बाइक टकरा गई। रामपुर के थाना अजीबनगर क्षेत्र के रतनपुरा सुमाली निवासी बाइक सवार जुनैद और मुबस्सर अली (40) गिर गए। सड़क के किनारे बाइक और कार खड़ी करके दोनों पक्ष आपस में बहस करने लगे थे।

- हाईवे पर दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान हुआ हादसा, चार लोग गंभीर रूप से घायल

इस दौरान रात लगभग 1 बजे बरेली की ओर जा रहे टैंकर ने बाइक समेत सभी लोगों को रौंद दिया। बाइक टैंकर के साथ कुछ दूर तक घिसटती चली गई। सूचना पर कटरा थाना प्रभारी जुगुल किशोर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कटरा सीएचसी लेकर आए। यहां डॉक्टर ने योगेश और विवेक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। घायल मुबस्सर अली, जुनैद, महेश, नरेंद्र चौधरी व शिवकुमार को बरेली रेफर कर दिया। सभी घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मुबस्सर अली की मौत हो गई।

## ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

# विस की दैवीय आपदा समिति के सदस्य मुरादाबाद पहुंचे



बुद्धि विहार में बने संविधान साहित्य वाटिका में निरीक्षण के दौरान विधानसभा की दैवीय आपदा समिति के अध्यक्ष व सदस्य और साथ में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विधान सभा की दैवीय आपदा समिति के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी अंगद सिंह देर रात मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त के साथ शुक्रवार की देर रात संविधान वाटिका, स्पंदन सरोवर, हनुमान वाटिका का निरीक्षण किया। समिति ने नगर निगम के इन उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताते हुए सफाई, प्रकाश, सौंदर्यीकरण व्यवस्था की सराहना की। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। समिति ने कहा ऐतिहासिक व धार्मिक धरोहर से लोगों को संविधान निर्माण के विभिन्न पहलुओं और हनुमान वाटिका में धार्मिक व आध्यात्मिक अनुभूति होगी।

- संविधान वाटिका, हनुमान वाटिका स्पंदन वाटर पार्क का निरीक्षण किया

## किन्नर बने कथावाचक के झांसे में गंवाई जमीन

**पसगवां, अमृत विचार :** एक पुरुष दाढ़ी मूंछ क्लीन स्वीप कराकर साड़ी पहनकर किन्नर वेश में कथावाचक बनकर आया और करन सिंह कुशवाहा नाम बताकर केवल कुशवाहा (काछी) समाज के लोगों से संपर्क साधा। उसने दो गांवों में भागवत कथाएं कहीं। लगभग तीन माह के समय में उसने पसगवां के दो और मोहम्मदी के एक गांव में दर्जन भर लोगों से माया का लालच देकर लाखों रुपये ठग लिए, गहने लिए, जमीन भी लिखाई और रफूचक्कर हो गया। बंद कमरे में बक्से में सोने की ईंटें भरने का दावा करते हुए कहा कि 15 दिन बाद बक्सा खोलना, लेकिन जब बक्सा खोला तो उसमें भट्ठे की ईंटें निकलीं। ब्याज आदि पर पैसा लेकर देने, गहने देने और बेचने से कंगाल हो गये भुक्तभोगी बेहद परेशान हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरोला कुंवरपुर और कमतरा के भुक्तभोगियों ने बताया कि होली त्योहार के करीब किन्नर के रूप में एक व्यक्ति ने आकर अपना परिचय करन सिंह कुशवाहा के रूप में दिया था।

# आर्केस्ट्रा में काम किया तो पति ने मार डाला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** शहर के निकट इलसिया ग्रंट में पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मायके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता आर्केस्ट्रा में काम करती थी, इसको लेकर दोनों के मध्य अक्सर झगड़ा हुआ करता था। आरोप है कि नाराज होकर पति ने साथियों संग मिलकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। क्षेत्राधिकारी नगर का कहना है कि दोनों पक्षों के मध्य विवाद न्यायालय में प्रचलित है, फिलहाल आरोपों के आधार पर केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।



बेटी से पूछताछ करती पुलिस।



सुशीला।

महोली कोतवाली क्षेत्र की बरातपुर निवासी यशोदा के मुताबिक, दामाद देशराज उसकी 30 वर्षीय पुत्री सुशीला के साथ अक्सर मारपीट करता था। इसी को लेकर दोनों के मध्य न्यायालय में वाद भी चल रहा था। आरोप है कि रात में योजना बनाकर देशराज ने अपने साथियों को बुला लिया। फिर कमरा बंद कर लाठी-डंडों से सुशीला को पीट-पीटकर मार डाला। डायल 112 की खबर पाकर रामकोट थानाध्यक्ष सुरेश पटेल और फिर क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर फारेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किये। सीओ का कहना है कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

### बेटी बनी चश्मदीद, रिकार्ड हुए बयान

मां-बाप के बीच अनबन से लेकर रोजाना के झगड़े और फिर कोर्ट के मामलों को 12 वर्षीय काजल ने सिलसिलेवार बताया। झगड़ा कैसे शुरू हुआ और फिर मां के दर्दनाक अंत की कहानी पुलिस ने कैमरे में रिकार्ड की।

### रात में ही बच्चों को भेजा तंबौर

वारदात के बाद देशराज अपने दस वर्षीय पुत्र आदर्श और काजल (12) को घर से लेकर निकला। बाइक पर बिठाकर वो अपने तंबौर थानाक्षेत्र स्थित पैतृक गांव सुल्तानपुर आया, बाद में राज खुलने के डर से फिर बच्चों को घर में छोड़कर फरार हो गया।

## थप्पड़ के बदले मारी गोली, क्रिकेट मैच में बेइज्जती का बदला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** टीपी नगर चौकी क्षेत्र में सरेआम गोलियां चलाकर कत्ल की कोशिश करने वाले सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों की गिरफ्तारी करते हुए उस असलहे को भी बरामद कर लिया है, जिससे फायर झोंका गया था। इस गोली कांड की वजह एक थप्पड़ था। ये थप्पड़ क्रिकेट मैच के दौरान गोली से घायल हुए व्यक्ति ने गोली चलाने वाले को जड़ा था।

शुक्रवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि 23 जून को कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र के प्रेमपुर लोशज्ञानी रोड स्थित बिड़ला स्कूल के पास फायरिंग की घटना हुई थी। 25 जून को रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक बल्यूटिया आनंदपुर निवासी जितेंद्र सिंह मेहरा ने हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

# महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के मंहत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।



पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें।

वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया।

- कानपुर में अभद्रता का आरोप लगाकर धरने पर बैठे महंत

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई समेत कई दलों के नेता और व्यापारी भी धरने पर बैठ गए। कई बार पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग थाना प्रभारी के निलंबन की मांग पर डटे रहे। रात आठ बजे तक हंगामा चलता रहा और रथयात्रा स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अफसरों और महंतों-व्यापारियों के बीच वार्ता हुई और पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया।

# डीएम के पास रिश्वत का चेक लेकर पहुंचा पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** केडीए से पीड़ित एक नागरिक 30 हजार रुपये की चेक लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के पास पहुंच गया और बोला कि सर, ये रिश्वत की चेक केडीए में दे दीजिए और हमारे मकान की रजिस्ट्री करा दीजिए। केडीए के विशेष कार्याधिकारी 30,000 रुपये मांग रहे हैं। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान पीड़ित नीरज गुप्ता जिलाधिकारी के पास पहुंचे और उन्हें बताया कि एक कालोनी की रजिस्ट्री कराने के नाम पर केडीए के एक विशेष कार्याधिकारी 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि सोमनाथ उपाध्याय के नाम से एल-349 डबल स्टोरी बर्रा 6 में केडीए ने मकान आवंटित किया था। सोमनाथ की 24 सितंबर 2011 को मृत्यु हो गई। फिर ये मकान सोमनाथ की पत्नी रेनू उपाध्याय, उनके तीन बेटे उपदेश, स्वतंत्र और स्वदेश के नाम हो गया। पीड़ित नीरज गुप्ता के मुताबिक 7 जून 2024 को केडीए में मकान की रजिस्ट्री कराने के नाम पर एकल विंडो प्रक्रिया के तहत आवेदन किया था। इसके बाद उनका संपर्क जोन 3 के एक अधिकारी से हुआ जिन्हें पूरी बात बताई तो अधिकारी ने कहा कि हम पावर ऑफ अटार्नी नहीं मानते हैं इसलिए आपकी रजिस्ट्री नहीं हो सकती। नीरज गुप्ता ने केडीए के अधिकारी के नाम से रिश्वत की 30 हजार की चेक जिलाधिकारी को सौंपी। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। उधर केडीए के अधिकारी का कहना है कि मेरे पास नीरज गुप्ता के नाम से अभी तक कोई फाइल नहीं आई है। जो भी आरोप लगाए गए हैं, वह निराधार हैं। मेरे संज्ञान में अभी ये मामला नहीं आया है।

- पीड़ित का आरोप, केडीए के विशेष कार्याधिकारी 30,000 मांग रहे

# एक लाख जोड़ों का सामूहिक विवाह कराएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में दोगुना सहयोग और सख्त निगरानी के साथ नया लक्ष्य तय हुआ है। इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इसके लिए फर्मों के चयन से लेकर उपहारों की गुणवत्ता तक तकनीकी नजर होगी। सख्त निगरानी से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुँचाने की रणनीति बनाई गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अब योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया जा रहा है ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक इसका फायदा पहुंच सके।

इसके लिए आवेदन प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति तक के सभी चरणों को डिजिटल निगरानी में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपहारों की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। अब फर्मों का चयन जिला नहीं, बल्कि निदेशालय स्तर से किया जाएगा, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की संभावना को खत्म किया जा सके। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि इस वर्ष लगभग एक लाख जोड़ों के सामूहिक विवाह कराए जाने का लक्ष्य समाज कल्याण विभाग ने तय किया है। यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामूहिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है।



- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में दोगुना सहयोग, सख्त निगरानी के साथ तय हुआ नया लक्ष्य
- फर्मों के चयन से लेकर उपहारों की गुणवत्ता तक होगी नजर अनियमितता पर लगेगा ब्रेक

### सख्त निगरानी के लिए तैनात होंगे आब्जर्वर

सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा। मंडलीय उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति विवाह समारोहों में अनिवार्य होगी। आब्जर्वर सीधे निदेशालय या मंडलीय उपनिदेशक को रिपोर्ट करेंगे। ऑनलाइन आवेदन से पहले कन्या के आधार सत्यापन में लापरवाही पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही विवाह स्थल पर वर-वधू दोनों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके।

### अभियान चलाकर लाभार्थियों की बनाई जाए सूची

शासन स्तर से जनपदीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए और इस संबंध में समर्पित अभियान चलाया जाए, जिससे हर वास्तविक पात्र को योजना का लाभ मिल सके। शासन स्तर पर कहा गया है कि सभी जिलों में पारदर्शी और सटीक तरीके से आवेदन की जांच की जाए, साथ ही स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्रों के सहयोग से पात्र जोड़ों की पहचान सुनिश्चित की जाए।

# शामली की महिला ने पति पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का लगाया आरोप, जांच शुरू

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

शामली जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर कथित रूप से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस में मनीषा (33) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति मोहम्मद इंतजार संदिग्ध और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल है। पुलिस ने बताया कि उसने अपने पति के पास से कई जाली दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जिनमें आधार कार्ड, पासपोर्ट और उसके नाम वाले शैक्षणिक प्रमाण पत्र शामिल हैं।

शामली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामसेवक गौतम ने बताया कि पुलिस ने इंतजार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 336 (जालसाजी), 337 (सार्वजनिक अभिलेखों की जालसाजी), 339 (जाली दस्तावेज रखना) और 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी ने कहा कि आरोपों और शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार मनीषा की शादी 2017 में इंतजार से हुई तथा इस दंपति के आठ और 10 साल के दो बच्चे हैं। गौतम ने बताया कि पुलिस इंतजार की तलाश कर रही है, जो फरार है।

## एक नजर

### तीन कंपनियों को दी जाएगी 169.60 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169 .60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2 .30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।


# बेहतर कानून व्यवस्था और समान अवसर देने से अग्रणी बना यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने की 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण ही यूपी देश में अग्रणी बन रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं।


लखनऊ के लोक भवन सभागार में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो से संबंधित एक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।

### इन औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया।

### प्रोत्साहन नीति के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसमें मेसर्स स्किम ग्लासेज़ वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को डमी चेक वितरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलवीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने लिया राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व योगी ने लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

# कांवड़ यात्रा जीरो प्लास्टिक इवेंट बनेगी

## 1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान, 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान पर भी जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर विकास विभाग ने सफाई, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जारी किए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में नगर विकास विभाग ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक योजना शुरू की है। कांवड़ यात्रा को 'जीरो प्लास्टिक इवेंट' बनाने की तैयारी है। जिलाधिकारियों व निकाय प्रमुखों को भेजे गए निर्देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के निर्देश दिए गए हैं।

तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल आदि के उपयोग पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

कांवड़ यात्रा को जीरो प्लास्टिक इवेंट के रूप में आयोजित किया जाएगा। कचरे के उचित निस्तारण के लिए डस्टबिन लगाए जाएंगे और जनता को जूट या कपड़े के बैग के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में एनसीसी कैडेट, विद्यार्थी, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जा रहा हैं । कांवड़ यात्रा मार्गों और शिविर स्थलों पर नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### माइक्रो प्लान बना सफाई व्यवस्था होगी सुनिश्चित

प्रमुख सचिव ने सभी शहरी निकायों को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष ध्यान देते हुए वहां विशेष सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे। जलभराव की समस्या से निपटने हेतु चिन्हित क्षेत्रों में माइक्रो-प्लान बनाकर नियमित एंटी-लार्वा छिड़काव दिन में और फॉगिंग शाम को कराया जाए। कांवड़ शिविर स्थलों पर भी प्रतिदिन एंटी-लार्वा स्प्रे और फॉगिंग अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए गए। कांवड़ मार्गों और शिविर स्थलों पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग मोबाइल व अस्थायी शौचालय बनाए जाएंगे, जिन्हें दिन में कम से कम दो बार साफ किया जाएगा।

### ऐसे होगी निगरानी एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित

प्रत्येक नगरीय निकायों में नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित निगरानी सेल गठित की जाएगी। ये अधिकारी माइक्रो-प्लान तैयार कर दैनिक प्रगति की निगरानी करेंगे तथा निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। निदेशालय द्वारा डीसीसीसी के माध्यम से निगरानी की जाएगी और राज्य सरकार को साप्ताहिक रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8800 ईसीसीई एजुकेटर की जिला स्तर पर होगी नियुक्ति शासनादेश जारी

**अमृत विचार :** शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

बालवाटिका कक्षा में तीन से छह साल की आयु के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना है, बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास के लिए वातावरण सृजन करना होगा।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

# फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस ने हापुड़ के पिलखुआ में गिरोह को पकड़ा
- 3.9 लाख के जाली नोट समेत तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार :** हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।


गजेंद्र यादव

एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है। इसके अलावा नई दिल्ली गाजीपुर का सिद्धार्थ झा और बुलंदशहर के रसूलपुर का विजय वीर चौधरी गिरफ्तार किया गया है।

# 23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।

# छह शहरों की संवरेगी सूरत, 71 करोड़ से बनेगा रीजनल प्लान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर हरदोई, उन्नाव व रायबरेली का होगा विकास
- एलडीए में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण

**अमृत विचार :** लखनऊ जल्द दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। 71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेंगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

### एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद


बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

### वर्ग पहेली -14 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वै | ■ | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09 .53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06 .35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** - आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** - आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** - आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।

**कर्क** - आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**सिंह** - आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** - आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

**तुला** - आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** - आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**धनु** - आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** - आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** - आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

## सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

# कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

## वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी



- **सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

### विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

# सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ





सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे- गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग-आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार-चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।

### क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

### कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री-स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

### महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

### जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डाल ते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

## देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

- **रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट**

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7% ) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

## आधार से भुगतान सेवाएं देने वालों के लिए निर्देश जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के जरिए सेवाएं देने वाले परिचालकों को शामिल करने के लिए बैंकों को निर्देश जारी किए। आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाले बैंक को एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटर (एटीओ) को शामिल करने से पहले सभी एटीओ की उचित जांच-पड़ताल करने को कहा है। यह निर्देश ग्राहक जोड़ते समय अपनाई जाने वाली जांच-पड़ताल के समान है।

## तेल कीमतें कम हुई, सब कुछ ठीक कहना जल्दबाजी : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी दिया गया जोर**
- **मुद्रास्फीति में नरमी व वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति से देश की स्थिति बेहतर**

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में दावा किया गया कि इजराइल-ईरान के बीच संक्षिप्त युद्ध से तेल की कीमतों में आई तेजी अब नरम पड़ी है, लेकिन सब कुछ ठीक होने का दावा करना जल्दबाजी होगा। मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी जोर दिया गया कि वृहद-आर्थिक क्षेत्र में कोई बड़ा असंतुलन न होने, मुद्रास्फीति की दर में नरमी और वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति के कारण भारत की वृहद-आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

इजराइल-ईरान के बीच युद्ध और अमेरिकी हस्तक्षेप से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल आया। मंत्रालय ने कहा कि हालात ऐसे ही बने रहते तो भारत की वृद्धि और राजकोषीय संभावनाओं को खतरा हो सकता था। शुक्र है युद्धविराम हो गया है और तेल की कीमतों में गिरावट आई। इसमें कहा गया है कि तेल की वैश्विक आपूर्ति पर्याप्त है, लेकिन बीमा लागत और मार्ग अवरुद्ध होने के कथित जोखिम के कारण कीमत में वृद्धि हो सकती है।

## बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जम्मू कश्मीर में तीन राष्ट्र विरोधियों पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में केंद्र शासित प्रदेश को सुरक्षा व संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 3 लोगों के खिलाफ लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि सोपोर में अभियान के तहत देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में 3 लोगों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया है।

#### आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार और एक किशोर को पकड़ा है। राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने दावा किया कि यह समूह अमृतसर में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याओं की साजिश रच रहा था।

#### विमान दुर्घटना : कार्यालय में पार्टी पर 4 अधिकारी बर्खास्त

**मुंबई।** हवाई अड्डा सेवा प्रबंधन कंपनी एअर इंडिया एसएटीएस सर्विसेज (एआईएसएटीएस) ने कार्यालय में पार्टी करने के लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। यह कदम एअर इंडिया विमान दुर्घटना के कुछ दिन बाद उनके कार्यालय में पार्टी आयोजित करने के वीडियो के सामने आने के बाद उठाया गया है, जिसकी विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना हुई थी। एआईएसएटीएस टाटा समूह की एअर इंडिया व सिंगापुर की एसएटीएस लिमिटेड के बीच संयुक्त उद्यम है।


# बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

## दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।



पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

### प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

## गुजरात: रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी



रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।

- **अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा**

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।

## हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी



- **पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता**

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

### लहरों संग उत्सव



मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेसी

## पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

**नोएडा।** शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आई। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

# होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

### संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

## तीन राज्यों में भाजपा ने नियुक्त किए राज्य चुनाव अधिकारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है।

## एसी का तापमान तय करने का प्रावधान अभी नहीं : भूपेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा- 20 से 28 डिग्री के बीच तापमान करने की योजना धीरे-धीरे होगा लागू**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि एयर कंडीशनर (एसी) के तापमान को 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की योजना को जल्द लागू करने की संभावना नहीं है और इसे समय के साथ धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।

भारत जलवायु शिखर सम्मेलन में एसी के तापमान की नई सीमा पर यादव ने कहा कि ऐसी कोई भी स्थिति 2050 के बाद उत्पन्न हो सकती है। मुझे नहीं लगता कि ये तुरंत होगा, समय के साथ इसके लिए धीरे-धीरे क्षमताएं बनाई जाएंगी। जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय परिस्थितियों और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) सिद्धांत के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु निकाय को प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) या राष्ट्रीय जलवायु योजना, अपने लोगों तक ऊर्जा की पहुंच' सुनिश्चित करने पर जोर देती है। सीबीडीआर-आरसी के सिद्धांत का अर्थ है कि सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ना होगा, लेकिन विकसित देशों को और अधिक प्रयास करना चाहिए।

## एक नजर



### भारत एशियाई स्नूकर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**कोलंबो :** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी की अगुआई में भारत ने शुक्रवार को यहां कतर पर 3-0 की जीत से एशियाई स्नूकर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आडवाणी ने पूर्व विश्व चैंपियन अली अल ओबेदिली को 62-24 से हराकर लय बनाई। विश्व खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता आदित्य मेहता ने फिर बशर अब्दुल माजिद पर दूसरे सिंगल में 115-5 से जीत दर्जकर 2-0 से बढ़त दिलाई। युगल में आडवाणी और ब्रिजेश दमानी ने मिलकर अल ओबेदिली और माजिद को 72-5 से शिकस्त दी। अब भारत का सामना हांगकांग-1 और बहरीन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विंबल्डन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विंबलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

### प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता, चौथे नंबर के खिलाड़ी बने

**ताशकंद :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन छठे नंबर पर खिसक गए।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।



सिर पर चोट लगने की सांकेतिक फोटो।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1.5, सात ओवर के लिए 2.1, आठ ओवर के लिए 2.2, नौ ओवर के लिए 2.4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3.2, 12 ओवर के लिए 3.4, 13 ओवर के लिए 3.5, 14 ओवर के लिए 4.1, 15 ओवर के लिए 4.3, 16 ओवर के लिए 4.5, 17 ओवर के लिए 5.1, 18 ओवर के लिए 5.2 तथा 19 ओवर के लिए 5.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

# सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**होव, एजेंसी**

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन



बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।

# भारतीय टीम की नजर विश्व कप की तैयारी पर

**नॉटिंघम, एजेंसी**

### इंग्लैंड से पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। • एजेंसी

# श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

# प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

# एआईटीए ने धूपर को हटाया, सुंदर को अंतरिम महासचिव बनाया

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं।

कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी।

धूपर 72 वर्ष के हैं और उन्हें 2020 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। उन्होंने पिछले साल के चुनावों में किसी भी पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था, लेकिन अदालत द्वारा चुनाव के नतीजे घोषित नहीं किए जाने के कारण वह अपने पद पर बने हुए थे। एआईटीए के उपाध्यक्ष (खेल) हिरण्मय चटर्जी ने पीटीआई से कहा हमने आज एक प्रस्ताव पारित कर धूपर को महासचिव पद से हटा दिया। हमने सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया है। वह (खिलाड़ियों की) याचिका पर भी गौर करेंगे।

# यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला : ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह




### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना । अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया । एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। एजेंसी

# भारत में भाषाओं का विवाद

## आजादी जितना ही पुराना है

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### मिस्र में सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र में शुक्रवार को एक ट्रक और एक छोटी बस की टक्कर में 19 लोगों की मौत हो गई। श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बस नील डेल्टा गवर्नरेट ऑफ मेनौफिया के एशमौन शहर में एक क्षेत्रीय सड़क से होते हुए कामगारों को उनके काम पर ले जा रही थी। दुर्घटना में तीन लोग बच गए। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, घायलों सहित सभी पीड़ितों को जनरल एशमौन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रम मंत्री मोहम्मद गेब्रान ने पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

### श्रीलंका: राजपक्षे परिवार का सदस्य गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के एक पारिवारिक सदस्य को देश की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत या भ्रष्टाचार जांच आयोग ने एक बयान में कहा कि राजपक्षे के रिश्तेदार निशांत विक्रमसिंघा को गिरफ्तार किया गया है और ये गिरफ्तारी श्रीलंकाई विमानन के चेयरमैन के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विमान खरीद सौदों में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है।

### बांग्लादेश से जूट उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से जमीन मार्ग से कुछ विशिष्ट जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि आयात की अनुमति केवल महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से है। इन प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में जूट उत्पाद, एकल सन का धागा, जूट का एकल धागा, बहु-मुड़ा हुआ, बुने हुए कपड़े या फ्लेक्स, और जूट के बिना ब्लीच किए बुने हुए कपड़े शामिल हैं। इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर नेपाल और भूटान जाने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हांलाकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवतः कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### उम्मीद है निरीक्षण से इन्कार नहीं करेगा ईरान: ट्रंप

बई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को फिर शुरू न करने की पुष्टि के लिए अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण से इन्कार नहीं करेगा। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ईरान के साथ होने वाली वार्ता के दौरान यह मांग करेंगे कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संगठन को निरीक्षण करने के लिए अधिकृत किया जाए, तो ट्रंप ने कहा कि ईरान को समूह को सहयोग करना होगा या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ सहयोग करना होगा जिसका हम सम्मान करते हैं, जिसमें हम स्वयं भी शामिल हैं।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# जन्मसिद्ध नागरिकता मुद्दे पर ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी एक न्यायाधीश को पूरे देश के लिए कोई आदेश देने का अधिकार नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने साफ नहीं किया कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जन्मसिद्ध नागरिकता पर लगाई रोक का क्या होगा।

यह फैसला रिपब्लिकन राष्ट्रपति के लिए एक जीत है, जिन्होंने व्यक्तिगत न्यायाधीशों द्वारा उनके एजेंडे में बाधा डाले जाने की शिकायत की है। उन्होंने इसे एक शानदार जीत बताया और कहा कि वह न्यायाधीशों द्वारा अवरुद्ध नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए तुरंत मुकदमा दायर करेंगे, जिसमें जन्मजात नागरिकता प्रतिबंध भी शामिल हैं। हालांकि अदालत के रूढ़िवादी बहुमत ने यह संकेत दिया कि ट्रंप के जन्मसिद्ध नागरिकता से जुड़े आदेश पर अब भी पूरे देश में रोक लगाई जा सकती है।

न्यायमूर्ति एमी कोनी बैरेट ने लिखा कि मामले निचली अदालतों में वापस आ गए हैं, जहां जजों को तय करना होगा कि हाईकोर्ट के फैसले के अनुपालन के लिए अपने आदेश कैसे तैयार किए जाएं। न्यायाधीशों ने ट्रंप प्रशासन के साथ जो बाइडन के डेमोक्रेटिक प्रशासन से भी सहमति जताई कि न्यायाधीश केवल अदालत के समक्ष पक्षों के बजाय सभी पर लागू होने वाले आदेश जारी करके सीमा का अतिक्रमण कर रहे हैं।



- फिलहाल जन्मसिद्ध नागरिकता पर लगी रोक पर फैसला नहीं

# अमेरिकी राष्ट्रपति का फिर दावा सभी सौदे रद्द करने की धमकी देकर भारत-पाक युद्ध रुकवाया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने उस दावे को फिर दोहराया कि उन्होंने अपने प्रशासन के अधिकारियों को भारत और पाकिस्तान के साथ हुए 'सभी सौदे रद्द करने' के लिए कहकर दोनों देशों के बीच युद्ध रुकवाया था।

- कहा- व्यापार बंद करने की धमकी सुनकर दोनों देशों ने किया फोन, पूछा- क्या करें

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमने भारत और पाकिस्तान के साथ कुछ बेहतरीन काम किए। ट्रंप ने एक बार फिर अपना दावा दोहराया कि उन्होंने दोनों देशों से कहा था कि दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ अमेरिका व्यापार नहीं करेगा और इस तरह उन्होंने उनके बीच युद्ध रुकवाया था जो परमाणु हमले में बदल सकता था। मैंने वित्त मंत्री स्कॉट और वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड से कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ सभी सौदे रद्द कर दें। क्योंकि वे युद्ध कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों ने हमें कॉल किया और कहा कि हम क्या करें। मैंने कहा, देखिए आप अमेरिका के साथ व्यापार करना चाहते हैं। लेकिन आप एक दूसरे पर परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

# भारत की दो टूक, सिंधु जल संधि पर मध्यस्थता अदालत का फैसला अवैध, स्वीकार नहीं करेंगे


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में दो जलविद्युत परियोजनाओं पर हेग स्थित स्थाई मध्यस्थता न्यायालय के फैसले को दृढ़ता से खारिज करते हुए कहा कि उसने पाकिस्तान के साथ विवाद समाधान के तथाकथित ढांचे को कभी मान्यता नहीं दी है। विदेश मंत्रालय ने किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर पाकिस्तान की आपत्तियों से संबंधित मामले में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए कहा कि भारत इस तथाकथित पूरक निर्णय को अस्वीकार करता है।

अपने फैसले में मध्यस्थता न्यायालय ने कहा कि अप्रैल में सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का निर्णय विवाद पर उसके अधिकार को सीमित नहीं करता है तथा उसका फैसला सभी पक्षों पर बाध्यकारी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान के इशारे पर यह नवीनतम नाटक आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के लिए जवाबदेही से बचने का उसका एक और हताश प्रयास है जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर धोखाधड़ी और हेरफेर करने की उसकी दशकों पुरानी प्रवृत्ति के अनुरूप है।

इसमें कहा गया कि सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत दोनों परियोजनाओं की डिजाइन के कुछ पहलुओं पर पाकिस्तान द्वारा आपत्ति उठाए जाने के बाद भारत ने स्थायी मध्यस्थता न्यायालय की कार्यवाही को कभी मान्यता नहीं दी। विदेश मंत्रालय ने कहा, सिंधु जल संधि 1960 के तहत कथित रूप से गठित अवैध मध्यस्थता कोर्ट ने तथाकथित पूरक निर्णय दिया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का रुख हमेशा यही रहा है कि इस तथाकथित मध्यस्थ निकाय का गठन ही सिंधु जल संधि का गंभीर उल्लंघन है और इसके परिणामस्वरूप इस मंच के समक्ष कोई भी कार्यवाही और इसके द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय भी इसी कारण से अवैध है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कदम उठाते हुए 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। मंत्रालय ने कहा, संधि स्थगित रहने तक भारत उसके तहत अपने किसी भी दायित्व को पूरा करने के लिए बाध्य नहीं है।



- जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा ओर रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर अदालत ने सुनाया था फैसला
- भारत ने कहा- पाकिस्तान के इशारे पर ये नया नाटक आतंकवाद पर अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस से न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल

# चीनी नौसेना प्रमुख और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने इसकी पुष्टि की है।

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया।

**शोध** जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

- निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा है: यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है।

अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा : पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।



### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।